

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 18 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# सूर्योपासना के पर्व छठ के आस्था में डूबा देश, अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

## नदियों, तालाबों और घाटों पर उमड़ा जनसैलाब – व्रतियों ने संध्या अर्घ्य के साथ मांगी सुख-समृद्धि की कामना



"सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं – वाराणसी में श्रद्धा का अद्भुत नजारा।"

समाज जागरण ब्यूरो।

**नई दिल्ली / पटना / वाराणसी / नोएडा /झारखंड** देश भर में आज प्रकृति, आस्था और लोकसंस्कृति के महापर्व छठ की धूम रही। चार दिवसीय इस पर्व के तीसरे दिन रविवार को लाखों व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। नदियों, तालाबों और कृत्रिम घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सूर्योपासना की यह अद्भुत परंपरा लोक जीवन और श्रद्धा के मिलन का प्रतीक बनी।

सुबह से ही घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर सिर पर टोकरी लिए परिवारजनों संग घाटों पर पहुंचीं। लोकगीतों, 'छठ मइया के गीतों' और शंखनाद से पूरा वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने बांस की सूप में फल, गन्ना, ठेकुआ और प्रसाद सजाकर सूर्य को अर्घ्य दिया।

उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई सहित कई राज्यों में प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस, नगर निगम और स्वयंसेवी संगठनों ने मोर्चा संभाला। कई जगहों पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इको-फ्रेंडली घाट बनाए गए।

व्रतियों का कहना था कि "छठ मइया की कृपा से घर में सुख-शांति बनी रहती है और सूर्य भगवान से ऊर्जा मिलती है।"

कल प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। इसके बाद व्रती पारण कर उपवास तोड़ेंगी।

### छठ पर्व के चार दिन

*1 नहाय-खाय – व्रत की शुद्ध शुरूआत*
*2 खरना – निर्जला उपवास से पहले का दिन*
*3 संध्या अर्घ्य – अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा*
*4 प्रातः अर्घ्य – उदीयमान सूर्य की आराधना*



यमुना, हिंडन, गोल्फसिटी सेक्टर-75 स्थित छठघाट सहित नोएडा के लगभग दो सौ छठघाटों पर लाखों छठव्रतियों और भगवान सूर्य के भक्तों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया।दिन में छठ व्रतियों ने गेहूं, घी और शक्कर का ठेकुआ, चावल, घी और शक्कर का लड्डू प्रसाद के लिए बनाया।बांस के बने सूप, डाला, दौरा,टोकरी में सभी प्रकार का प्रसाद रखा गया।प्रसाद के रूप में सेब, केला, नारंगी, अमरूद, डाभ,नाशपाती, नींबू सहित सभी प्रकार का फल,ईख, पानी में फलनेवाला सिंघाड़ा, मूली, सुथनी,अदरख, हल्दी, कच्चा नारियल, चीनी का बना साँचा, घर में बना ठेकुआ, लड्डू, कच्चा धागे का बना बद्धी, सिंदूर, अगरबत्ती आदि रखा गया। **शेष पृष्ठ 3 पर**

## दिल्ली में धूम-धाम से मनाई जा रही छठ, सीएम रेखा गुप्ता और कपिल मिश्रा ने सूर्य को दिया संध्या अर्घ्य



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने यमुना तट पर छठ माई की पूजा की। सीएम ने सभी को छठ महापर्व की बधाई देते हुए दिल्ली की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि छठ की दिव्यता और भव्यता दिल्लीवासियों को सुकून दे रही है।

नई दिल्लीः लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिनदिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और राज्य के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को यमुना नदी के तट पर छठ माई की पूजा की। मंत्री कपिल मिश्रा के साथ उनका परिवार भी मौजूद रहा। इस मौके पर सीएम ने कहा मैं सभी को छठ के महापर्व की बहुत बधाई देती हूं। वहीं इस मौके पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया और विधायक राजकुमार चौहान भी मौजूद रहें।

दिल्ली के बापूधाम, मंगोलपुरी में आयोजित छठ पूजा महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं सभी को छठ के महापर्व की बहुत बधाई देती हूं। छठ की यह रौनक, छठ की यह दिव्यता और भव्यता आज दिल्लीवालों को सुकून देने वाली है। छठी मैया से यही प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, दिल्ली आगे बढ़ती रहे, सुखी रहे और समृद्ध रहे।

मनोज तिवारी ने दी शुभकामनाएं वहीं बीजेपी मनोज तिवारी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, "छठ का यह उत्सव बिहार के कोने-कोने से शुरू होकर अब पूरी दुनिया में फैल चुका है। इस बार छठ की बहार ऐसी है कि लोकतंत्र का महापर्व भी इसके साथ रंग में रंगा है। अगर एनडीए को बिहार विधानसभा चुनाव में 175 से ज्यादा सीटें मिलें, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लोगों का ऐसा भाव और समर्थन है।इसी के साथ ही उन्होंने लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर की राजनीति में भागीदारी पर कहा, "अगर कोई बड़ी हस्ती जनता की सेवा करना चाहती है, तो उसका सभी को स्वागत करना चाहिए। मैथिली ठाकुर अपने क्षेत्र में शानदार काम कर रही हैं, फिर भी वे जनता की सेवा के लिए कठिन रास्ता अपनाकर चुनाव में आ रही है। जनता की सेवा करना कोई आसान काम नहीं है। जिन्होंने जनता की देखभाल करने की ठानी है, वो यहां पर जरूर आएंगे। अगर कोई सच्चे मन से जनता की भलाई के लिए, सच्ची मंशा से जा रहा है, तो उसका स्वागत करना चाहिए।"

## ई–कॉमर्स और किक कॉमर्स कंपनियों पर सख्त नियम लागू किए जाएं – कैट

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं भारतीय जनता पार्टी के सांसद के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मांग की है, कि देश के कानूनी ढांचे का उल्लंघन करने वाली ईझ्रकॉमर्स और किक कॉमर्स कंपनियों पर तत्काल सख्त कानून लागू किए जाएं।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि अनेक ई-कॉमर्स कंपनियां मौजूदा कानूनों और नीतिगत प्रावधानों की अवहेलना करते हुए देश में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं। यह न केवल निष्पक्ष व्यापार सिद्धांतों को कमजोर कर रही हैं, बल्कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के हितों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रही हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया बताया कि सरकार द्वारा एफडीआई नीति और उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स नियम) 2020 के दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से लागू हैं, परंतु इन कंपनियों द्वारा खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों की आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि इन कंपनियों की मनमानी के कारण स्थानीय व्यापार नियमों की अनदेखी हो रही है, जिससे लाइसेंस, डिलीवरी सुरक्षा और कर नियमों का गंभीर हनन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन पर शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो यह छोटे दुकानदारों और परंपरागत खुदरा व्यापार के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने बताया कि कैट ने इस पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भी अनुरोध किया है, कि एक निष्पक्ष, पारदर्शी और कानून सम्मत डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि स्थानीय व्यापारियों को समान अवसर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल मिल सके।

**ऑनलाइन व्यापार की गतिविधियों पर नजर रखने सचेत करता रहेगा व्यापारी संगठन के कैट (दीपक सेठी)**

कैट संभाग अध्यक्ष जबलपुर दीपक सेठी ने कहा कि विगत कई वर्षों से कैट इस तरह के ऑनलाइन व्यापार कर रही कंपनियां के खिलाफ सरकार को सचेत करती रही है, सरकार द्वारा भी पूर्व में कई ऑनलाइन कंपनियों की अलग-अलग तरीकों से जांच की गई है, आगे भी यही जारी रहनी चाहिए इन पर नजर रखना बहुत ही आवश्यक है, यह सरकार के बने गए नियमों का उल्लंघन करती रही है इससे के साथ ही उपभोक्ता के हितों को भी आघात पहुंचने का काम करती रही है,

**कैट जबलपुर जिलाध्यक्ष**

राजीव बड़ेरिया ने कहा कि कोई भी प्रोडक्ट सेम समय पर एक समान ऑफर के साथ ऑनलाइन एवं मैन लाइन (खुदरा बाजार) में समानता होनी चाहिए, कई ऑनलाइन कंपनी कई तरह की वस्तुओं को उनके रेट पर भिन्नताएं करके उपभोक्ता को भ्रमित किया जाता है, ऐस नहीं होना चाहिए,

## सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व, छठ पूजा पर डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। पुत्र प्राप्ति, समृद्धि एवं मंगलकामना के महापर्व छठ पर सोमवार की शाम छठ घाट पर सूर्य देव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अर्घ्य दिया गया। सोन नदी के तट पर छठ पूजा का विशेष माहौल रहा। छठ घाट पर दोपहर से ही छठव्रतियों एवं दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो चार बजते बजते पूरा छठ घाट खचाखच भर गया। बड़ी संख्या में छठव्रती अपने पूरे परिवार संग गाजे-बाजे के साथ छठघाट पहुंच कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिये।



## अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य

पंकज कुमार पाठक, पदमा, समाज जागरण

पदमा (हजारीबाग)। जनआस्था के महापर्व छठ का उल्लास सोमवार को पदमा प्रखंड क्षेत्र में चरम पर रहा। क्षेत्र के विभिन्न नदी, तालाब और जलस्त्रोतों के घाटों पर सुबह से ही व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया।



**समाज जागरण**

पटनाः मुख्यमंत्री आवास एक अन्ने मार्ग पर सीएम नीतीश कुमार ने परिवार के सदस्यों के साथ छठ पूजा की। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई। उन्होंने यहां भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और आराधना की। इस मौके पर उनके परिजनों के अलावा कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

उधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर में अपने परिजनों के बीच अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया और बिहार के विकास, उन्नति एवं संपन्नता की कामना की। पटना के विभिन्न छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा है।

पटना नगर निगम क्षेत्र में गंगा किनारे के लगभग 102 घाट तथा करीब 45 पार्क एवं 63 तालाबों को छठव्रतियों के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई है। सभी घाटों पर व्रती पहुंचे और भगवान भास्कर की आराधना की। गंगा तट पर बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।



पटना की सभी सड़कें रंग-बिरंगी दूधिया रोशनी और आकर्षक तोरण-द्वारों से सजी हुई हैं। व्रतियों को छठ घाट जाने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसे लेकर मोहल्लों से लेकर गलियों तक पक्की सड़कों पर युवाओं और बच्चों ने झाड़ू लगाकर उस पर पानी का छिड़काव किया। रविवार की शाम को व्रतियों ने खरना किया और लोग खरना का प्रसाद पाने के लिए देर रात तक व्रतियों के घर पहुंचते रहे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ माई की पूजा जारी

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।। देशभर में लोक आस्था का महापर्व छठ का त्योहार मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व होता है। यह चार दिनों तक चलता है, जिसमें तीसरे दिन का विशेष महत्व होता है। जहां पर संध्या अर्घ्य देकर सूर्य उपासना और छठी मईया की पूजा होती है। आज के दिन व्रती घाट पर एकत्रित होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रामेश्वर वरुणा घाट पर क्षेत्र के बरेमा, रामेश्वर, हिरमपुर जग्गपट्टी, खेवली, रसूलपुर लोकपुर सहित अन्य गांव की महिलाएं पहुंची।पुजारी अन्नू तिवारी ने बताया पंचांग के अनुसार सोमवार को सूर्यास्त शाम 05 बजकर 40 मिनट पर होगा।वही प्रशासन और समाजसेवी संगठन द्वारा प्रकाश और ध्वनि विस्तारक यत्र की व्यवस्था किया गया।घाट और मंदिर परिसर में सेवापुरी विकास खंड के दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने साफ सफाई करते नजर आए।उधर देहलीविनायक ,चौखंडी,खरगूपुर तालाब के किनारे व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।



## व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

### आदित्यपुर में सुख-समृद्धि की कामना, आज उगते सूर्य को अर्घ्य से हुआ समापन

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण,सरायकेला खरसावां (झारखंड): लोकआस्था, शुद्धता और पर्यावरण की पवित्र भावना का प्रतीक छठ महापर्व सोमवार को पूरे जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां जिला जनपद में श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक तालाबों, नदियों और पोखरों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर भगवान सूर्यदेव और छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि, संतान-सौभाग्य और मंगलकामना की प्रार्थना की। मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस चार दिवसीय महापर्व का विधिवत समापन होगा।



## नोएडा के सेक्टर-89: भव्य छठ महापर्व का आयोजन

### श्रद्धालुओं ने दिया अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ

नोएडा, 27 नवंबर 2025। कार्तिक शुक्ल षष्ठी के पावन अवसर पर सांस्कृतिक छठ पूजा समिति, निमी बिहार, नयागांव, सेक्टर-89, नोएडा (गौतमबुद्धनगर) द्वारा चार दिवसीय छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र श्रद्धा, आस्था और भक्ति से गूंज उठा। सायंकाल के समय जब अस्त होते भगवान भास्कर की सुनहरी किरणें जल पर पड़ीं, तो श्रद्धालुओं की अपार भीड़ "जय छठी मइया" के जयघोष के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य देने में लीन हो गई। घाटों पर दीपों की रोशनी, फूलों की सजावट और लोकगीतों की गूंज ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। **शेष पृष्ठ 3 पर**



# बिहार से राहुल की दूरी, महागठबंधन के लिये खतरे का संकेत तो नहीं

बिहार विधानसभा चुनाव के इस महत्वपूर्ण दौर में गांधी परिवार, विशेषकर राहुल गांधी, शुरू में काफी एक्टिव नजर आए थे, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आया, उनकी सक्रियता में जबरदस्त कमी देखी जा रही है। शुरूआत में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार के लिए बिहार पहुंचे, कई चुनावी सभाएं की, समर्थकों को जोश दिलाया और गठबंधन के विजन का प्रचार किया। लेकिन हाल के दिनों में पूरा गांधी परिवार, चाहे वह सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी या स्वयं राहुल गांधी हों, मंच से गायब हैं। गांधी परिवार ने बिहार से ही दूरी नहीं बना ली है, वह अपने बिहार के नेताओं से भी संपर्क में नहीं है। यह बदलाव केवल फुटेज की राजनीति नहीं, बल्कि इसके पीछे कुछ सियासी समीकरणों की भूमिका मानी जा रही है। कांग्रेस इस चुनाव में महागठबंधन के हिस्से के तौर पर लगभग 55-60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीटों की साझेदारी को लेकर शुरू से ही जद्दोजहद रही थी, पर महागठबंधन यानी आईएनडीआई गठबंधन के तहत तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सभी घटक दलों ने सीटों को बांटा, जिसमें कांग्रेस को अपेक्षाकृत कम सीटें मिलीं। यह खुद को राष्ट्रीय पार्टी मानने वाली कांग्रेस के लिए किसी न किसी रूप में सीमित प्रभाव का प्रतिबिंब है।
राहुल गांधी एवं गांधी परिवार की दूरी के कई कारण सामने आ सकते हैं। पहला कारण यह है कि शुरूआत में भले ही गठबंधन ऑल इंडिया स्तर पर सशक्त दिख रहा था, लेकिन बिहार की जमीनी राजनीति में जैसे-जैसे चुनावी हवा बनी, कांग्रेस और महागठबंधन की स्थिति उतनी मजबूत नहीं दिखी। जेडीयू और बीजेपी के कुशल प्रचार, मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा और एनडीए के एकजुट नेतृत्व के सामने विपक्षी दलों में बिखराव नजर आया। ऐसे में संभव है कि राहुल गांधी ने सोचा हो कि बिहार का चुनाव अगर उन्हीं के चेहरे के साथ लड़ा गया, तो हार की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ सकती है। इसलिए वह चुनावी मैदान से खुद को दूर रखकर हार का ठीकरा तेजस्वी यादव या अन्य नेताओं के सिर जाने देना चाहते हैं, ताकि आगे के चुनावों में अपनी छवि बचाई जा सके। दूसरी बात ये भी सामने आती है कि गांधी परिवार का प्रभाव बिहार की राजनीति में उतना मजबूत नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या राजस्थान में है। बिहार में कांग्रेस की जमीनी पकड़ पिछले दो दशकों में कमजोर हुई है, और नई नेतृत्वकारी शक्ति के तौर पर तेजस्वी यादव उभर रहे हैं। ऐसे में अगर गांधी परिवार खुलकर मैदान में आता, तो चुनाव मोदी बनाम राहुल गांधी के तर्ज पर भी लड़ा जा सकता था, और एनडीए को ये मौका मिलता कि वे राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता को चुनौती दें। शायद इसी आशंका से बचने के लिए गांधी परिवार ने किनारा कर लिया, ताकि चुनाव सिर्फ बिहार के स्थानीय नेताओं के मुद्दों से लड़ा जा सके, न कि राहुल गांधी की राष्ट्रीय छवि के चश्मे से।
गांधी परिवार के इस कदम से कांग्रेस प्रत्याशियों को नुकसान होना तय है। चुनावी सभाओं में बड़े नेता की गैरमौजूदगी कार्यकताओं और आम वोटरों में निराशा पैदा करती है। कांग्रेस के प्रत्याशी उम्मीद करते हैं कि राष्ट्रीय नेतृत्व, विशेषकर गांधी परिवार, उनके प्रचार में भाग लेगा, सभा करेगा, जिससे मीडिया में खबर बनेगी और कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। गांधी परिवार से दूरी कांग्रेस के प्रत्याशियों को जमीनी समर्थन और प्रचार में पिछाड़ सकती है। साथ ही, महागठबंधन के घटक दलों और वोट ट्रांसफर में भी संकोच आ सकता है, क्योंकि गठबंधन कार्यकताओं को नेतृत्व की स्पष्टता चाहिए होती है। रैली और प्रचार में राहुल की गैर-मौजूदगी ने निश्चित तौर पर कार्यकताओं में मायूसी भर दी है। एक पहलू ये भी है कि चुनाव प्रचार में गैर-मौजूद रहकर गांधी परिवार ने कांग्रेस को चुनावी हार से सीधा लिंक करने से बचा लिया है। अगर तेजस्वी यादव गठबंधन की हार के मुख्य चेहरे बनते हैं, तो राष्ट्रीय मोर्चे पर राहुल गांधी को इतनी आलोचना नहीं झेलनी पड़ेगी। इसमें रणनीतिक सोच भी छिपी है कि आगामी लोकसभा या अन्य राज्यों के चुनाव से पहले राहुल गांधी की छवि बची रहे।
कई राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बिहार चुनाव का माहौल अगर मोदी बनाम राहुल गांधी बन जाता, तो भाजपा को ह्यनेशनलाइजह्ल मुद्दा मिलता, जिससे एनडीए अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को उभारता और विपक्षी गठबंधन तुष्टिकरण, बेरोजगारी या स्थानीय मुद्दों की जगह राष्ट्रीय नेतृत्व की तुलना में फंस जाता। गांधी परिवार का किनारा करना इस रणनीतिक सोच का हिस्सा भी हो सकता है कि वे बिहार के चुनाव को सिर्फ बिहार के स्थानीय नेतृत्व का मामला बनने देना चाहते हैं। लब्बोलुआब है कि कांग्रेस और गांधी परिवार की रणनीति अवसरवाद से भी प्रेरित नजर आती है जीत की उम्मीद हो तो प्रचार में पूरी ताकत, हार की आशंका हो तो दूरी। इस रवैये के चलते कांग्रेस प्रत्याशी कमजोर पड़ सकते हैं, और महागठबंधन को चुनावी लाभ नहीं मिलेगा। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी की राजनीति अब इस हद तक पारंपरिक हो गई है कि मुश्किल की घड़ी में मुद्दों से किनारा करने में गुरेज नहीं। बिहार चुनाव में अगर महागठबंधन हारता है, तो उसकी जिम्मेदारी तेजस्वी यादव, राजद और अन्य स्थानीय दलों के ऊपर डाली जा सकेगी। गांधी परिवार एक बार फिर अपने को चुनाव के मैदान से दूर रख लोकसभा चुनाव के लिए खुद को अपराजित दिखाने की कोशिश करेगा। यानी बिहार का चुनाव मोदी बनाम गांधी परिवार की राष्ट्रीय लड़ाई बनता-बनता रह गया, और स्थानीय नेतृत्व ही केंद्रीय फोकस बन गया।



संजय सक्सेना

## माँ की माँ- नानी।

तुम तो घर की सबसे धीमी
आवाज होती,
पर सबसे गहरी।
तुम्हारे कदमों की आहट
कभी सुनी नहीं
बस महसूस हुई,
जैसे रसोई में घी की खुशबू,
या धूप में सूखते सफेद कपड़ों
की महक।

तुम्हारी आँखों में
समय बैठा
धीरे-धीरे बुनता हुआ
हम सबकी उम्र।
तुम्हारे हाथ
जैसे पुराने पेड़ की शाखाएँ,
थकी नहीं हो,
बस ठहर गई हो ।

माँ जब डांटती ,
तुम मुस्करा देती हो
जैसे किसी ने आँधी में
दीपक बचा लिया हो।

कभी-कभी सोचता हूँ,
तुम मां की मां नहीं मेरी मां हो,
घर के आँगन में वो तुलसी अब
भी है,
पर उसमें तुम्हारी खुशबू आती।

माँ उसकी चाल में
तुम्हारा वही स्वभाव लौट आया।
कभी-कभी लगता ,
समय नहीं बीता –
बस तुम माँ बनकर मेरा ख्याल
रखती हो।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

# भारत में बेरोजगारी का बढ़ता संकट



महेन्द्र तिवारी

भारत में बेरोजगारी आज के समय की सबसे गंभीर सामाजिक-आर्थिक समस्याओं में से एक है। यह समस्या न केवल आर्थिक विकास की गति को प्रभावित करती है, बल्कि समाज की स्थिरता, युवाओं के भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालती है। बेरोजगारी का अर्थ केवल नौकरी का न मिलना नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था की विफलता भी है, जो देश के कार्यशील जनसंख्या को उपयोग में नहीं ला पा रही। एक ओर भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, तो दूसरी ओर यही युवा वर्ग रोजगार के अवसरों की कमी से सबसे अधिक प्रभावित है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (ढछत्र) की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल बेरोजगारी दर लगभग 5.1% के आसपास है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 4.5% है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 6.5% तक पहुँच जाती है। युवा वर्ग, विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष के बीच के युवाओं में बेरोजगारी दर लगभग 13.8% है, जिसमें महिलाओं की दर पुरुषों से थोड़ी अधिक है। महिलाओं के लिए यह आंकड़ा 14.4% है जबकि पुरुषों के लिए 13.6%। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि बेरोजगारी अब भी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है, विशेषकर तब जब देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए था।

भारत में बेरोजगारी के पीछे अनेक कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है जनसंख्या का अत्यधिक दबाव। देश की कार्यशील आयु वाली आबादी हर वर्ष करोड़ों की संख्या में श्रम बाजार में प्रवेश कर रही है, जबकि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर नहीं बन रहे। इस स्थिति ने प्रतिस्पर्धा को इतना तीव्र बना दिया है कि योग्य लोग भी नौकरी पाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। दूसरा बड़ा कारण शिक्षा और कौशल में असंतुलन है। हमारे शिक्षा संस्थान अभी भी ऐसे पाठ्यक्रम चला रहे हैं जो औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। विद्यार्थी डिग्री तो प्राप्त कर लेते हैं, पर उनके पास वह व्यावहारिक ज्ञान या तकनीकी दक्षता नहीं होती जिस्ाकी मांग आधुनिक उद्योगों में है। यही कारण है कि स्नातक और परास्नातक युवाओं में बेरोजगारी दर अपेक्षाकृत अधिक पाई जाती है।

कृषि क्षेत्र में रोजगार का स्वरूप भी इस समस्या को बढ़ाता है। भारत की बड़ी आबादी अब भी कृषि पर निर्भर है, जो मौसमी और अस्थिर व्यवसाय है। फसल के बाद के महीनों में लाखों किसान और मजदूर बेरोजगार हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त, जलवायु परिवर्तन और मौसम की अनिश्चितता ने कृषि को और भी असुरक्षित बना दिया है। उद्योग और सेवा क्षेत्र भी उतनी तेजी से विस्तार नहीं कर पा रहे जितनी आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से नए रोजगार सृजन की गति धीमी पड़ी है।

तकनीकी प्रगति और ऑटोमेशन का प्रभाव भी इस संकट को गहरा कर रहा है। जहाँ मशीनें, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारंपरिक नौकरियों की जगह ले रही हैं, वहीं नयी पीढ़ी के पास उन तकनीकी कौशलों की कमी है जिनसे वे इन बदलते हालातों में खुद को ढाल सकें। यह ह्लतकनीकी बेरोजगारीह्व का नया रूप है, जो न केवल श्रमिक वर्ग बल्कि शिक्षित युवाओं को भी प्रभावित कर रहा है।

महिलाओं के रोजगार की स्थिति भी चिंता का विषय है। यद्यपि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएँ लगातार आगे बढ़ रही हैं, फिर भी उनकी श्रम भागीदारी दर अब भी बहुत कम है। सामाजिक मानदंड, असुरक्षित कार्यस्थल और घरेलू जिम्मेदारियाँ उन्हें कार्यक्षेत्र से दूर रखती हैं। अप्रैल 2025 में महिलाओं की श्रम भागीदारी दर मात्र 26% थी, जबकि पुरुषों की लगभग 58%। यह अंतर न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता के ह्रास का संकेत भी है।

बेरोजगारी के दुष्परिणाम बहुआयामी हैं। यह केवल आर्थिक हानि नहीं, बल्कि सामाजिक अस्थिरता का भी कारण है। जब युवा वर्ग रोजगार से वंचित रह जाता है, तो उसमें असंतोष, निराशा और हताशा जन्म लेती है। यह मानसिक तनाव, आत्महत्या और अपराध दर में वृद्धि का कारण बनता है। बेरोजगारी सामाजिक असमानताओं को और गहरा करती है क्योंकि जिनके पास पूँजी और अवसर होते हैं, वे लाभान्वित होते रहते हैं, जबकि गरीब और पिछड़े वर्ग और अधिक हाशिये पर चले जाते हैं। पलायन, पारिवारिक विघटन और सामाजिक अशांति जैसी समस्याएँ इसी का परिणाम हैं।

इन जटिल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहुस्तरीय और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। सबसे पहले शिक्षा और कौशल विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करना होगा ताकि युवा बदलते रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुरूप अपने आप को तैयार कर सकें। सरकार की ह्लस्किल इंडियाह्व जैसी योजनाएँ इस दिशा में कारगर हो सकती हैं, यदि इन्हें ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है– स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना। केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहना संभव नहीं। यदि युवाओं को स्टार्टअप्स, लघु और कुटीर उद्योगों में प्रोत्साहन दिया जाए, तो वे स्वयं के साथ दूसरों के लिए भी रोजगार सृजित कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग, जैसे हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि-आधारित उद्यम, बड़ी संभावनाएँ रखते हैं।

कृषि क्षेत्र में सुधार भी अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीक, सिंचाई सुविधाएँ, फसल विविधीकरण और कृषि आधारित उद्योगों का विकास करके इस क्षेत्र को स्थायी रोजगार का स्रोत बनाया जा सकता है। साथ ही, औद्योगिक विकास को भी रोजगार-केंद्रित दृष्टिकोण से प्रोत्साहित करना होगा। विदेशी निवेश, विनिर्माण हब और नई औद्योगिक नीतियाँ तभी सार्थक होंगी जब वे रोजगार सृजन की दिशा में ठोस परिणाम दें।

सरकारी रोजगार योजनाओं जैसे मनरेगा को भी और अधिक प्रभावी बनाना होगा। ग्रामीण इलाकों में यह योजना करोड़ों लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है, लेकिन इसमें पारदर्शिता और स्थायित्व का अभाव अब भी चुनौती बना हुआ है। तकनीकी बदलाव के साथ तालमेल बैठाने के लिए ह्लरी-स्किलिंगह्व और ह्लअप-स्किलिंगह्व कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि जो रोजगार ऑटोमेशन के कारण खत्म हो रहे हैं, उनके स्थान पर नए अवसर तैयार किए जा सकें।

महिला रोजगार सशक्तिकरण इस पूरी प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। महिलाओं के लिए सुरक्षित और लचीले कार्यस्थल, समान वेतन और मातृत्व सुरक्षा जैसी नीतियाँ अनिवार्य हैं। जब महिलाएँ आर्थिक रूप से सक्षम होंगी, तब न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा समाज प्रगति करेगा।

भारत में बेरोजगारी की समस्या जटिल जरूर है, पर इसका समाधान असंभव नहीं। आवश्यकता है एक समग्र दृष्टिकोण की, जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र, शिक्षा संस्थान और समाज सभी की सक्रिय भागीदारी हो। जब युवाओं को कौशल, अवसर और विश्वास मिलेगा, तब वे न केवल अपनी दिशा पाएँगे बल्कि देश को भी नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगे। रोजगार केवल आय का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय का आधार है। यदि भारत इस चुनौती को सामूहिक प्रयासों से सुलझा लेता है, तो वह न केवल आर्थिक रूप से सशक्त, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी समृद्ध राष्ट्र बन सकता है।

# वैज्ञानिक प्रतिभाओं को हासिल करने का मौका

टीआरएल3 अवधारणा का प्रायोगिक सबूत है। शुरूआती चरण के ये टीआरएल 1 से टीआरएल 3 तक मिलकर बुनियादी और प्रारंभिक चरण के अनुप्रयुक्त शोध का गठन करते हैं।
अमेरिका द्वारा अपने बुनियादी अनुसंधान तंत्र को कमजोर किया जाना एक वैश्विक संकट उत्पन्न करता है लेकिन यह भारत के लिए एक अवसर भी पैदा करता है। बता रहे हैं अजय शाह और प्रल्हाद बुर्ली



विभिन्न समाजों को नवाचारी व्यवस्थाएं बनाने की आवश्यकता होती है जिनके जरिये युवा शोधार्थियों को संगठित किया जा सके, उन्हें वित्तीय मदद दी जा सके और उन्हें सही दिशा में बढ़ावा दिया जा सके। ऐसा ही एक मूल्यवान ढांचा है टेक्नॉलजी रेडिनेस लेवल यानी टीआरएल। नैशनल एरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन यानी नासा की इस अवधारणा में किसी तकनीक की अवधारणा से लेकर उसके क्रियान्वयन तक को श्रेणीबद्ध किया गया है। टीआरएल1 बुनियादी सिद्धांत वाला प्रतिष्ठान है। टीआरएल2 तकनीकी अवधारणा का निर्माण है।

टीआरएल3 अवधारणा का प्रायोगिक सबूत है। शुरूआती चरण के ये टीआरएल 1 से टीआरएल 3 तक मिलकर बुनियादी और प्रारंभिक चरण के अनुप्रयुक्त शोध का गठन करते हैं। मझोले चरण में यानी टीआरएल 4-6 में प्रयोगशाला में वैधता देने और उसके बाद प्रासंगिक माहौल में एक उपयुक्त नमूना बनाने की प्रक्रिया की जाती है। यह शोध एवं विकास की बुनियाद है। टीआरएल 7-9 तक वास्तविक प्रणाली होती है जहां वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया जाता है।

यह वर्गीकरण केवल अकादमिक नहीं है। अलग-अलग टीआरएल के लिए अलग- अलग तरह के संगठनों और फंडिंग व्यवस्था की आवश्यकता होती है। टीआरएल 7 और उससे ऊपर की तकनीकों के लिए बाजार की राह एकदम स्पष्ट है। इस अंतिम चरण के विकास और उसे व्यावसायिक बनाने के लिए निजी पूंजी उपलब्ध होती है। जोखिम बहुत कम होता है। क्या हासिल होगा यह स्पष्ट होता है और समयसीमा अपेक्षाकृत छोटी होती है। दिक्कत शुरूआती चरणों में होती है।

टीआरएल 1-6 के लिए निजी फंडिंग बहुत कम मिलती है। यहां सरकारी फंडिंग की सख्त जरूरत है। पिछले 70 साल से अधिक समय से अमेरिकी सरकार दुनिया की इकलौती ऐसी सरकार है जो टीआरएल 1-6 के स्तर के शोध को मदद पहुंचाती है। उसने अमेरिकी विश्वविद्यालयों और प्रयोगशालाओं को फंडिंग की है जिससे ज्ञान को आगे बढ़ाने में मदद मिली है। इससे दुनिया को बहुत बेहतर उत्पाद मिले।

जीपीएस से लेकर एमआरएनए टीके तक तमाम नई तकनीक अमेरिकी सरकार के शोध एवं विकास व्यय से निकली हैं। वर्तमान में भारत हर साल लगभग 350 अरब डॉलर का सेवा निर्यात करता है, जिसका श्रेय अमेरिकी सरकार के अनुसंधान एवं विकास खर्च को जाता है जिसने सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू), यूनिक्स और इंटरनेट जैसी क्रांतिकारी तकनीकों को जन्म दिया। वर्ष2022 में अमेरिका की संघीय सरकार ने बुनियादी अनुसंधान के लिए 45 अरब डॉलर और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के लिए 48 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया था। अब यह शोध तंत्र संगठित रूप से कमजोर किया जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने टीआरएल 1-6 स्तर की फंडिंग को निशाना बनाते हुए कई कदम उठाए हैं जो लोकप्रियता के नाम पर अभिजात्य संस्कृति पर हमले का हिस्सा हैं।

अमेरिका के प्रस्तावित 2026 बजट में बुनियादी अनुसंधान में 34 फीसदी और कुल अनुसंधान में 22 फीसदी की कटौती का उल्लेख है। इसमें नैशनल साइंस फाउंडेशन यानी एनएसएफ के बजट में 55.7 फीसदी की कटौती करके उसे 8.8 अरब डॉलर से घटाकर 3.9 अरब डॉलर तथा नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के बजट में 39.9 फीसदी की कटौती कर उसे 46 अरब डॉलर से 27.9 अरब डॉलर करने की बात शामिल है। यही दो एजेंसियां हैं जो टीआरएल 1-2 स्तर के शोध के लिए प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार हैं। टीआरएल 3-6 के स्तर पर भी हालात बेहतर नहीं हैं। ऊर्जा विभाग के विज्ञान कार्यालय के बजट में 14 फीसदी कमी की गई है। नासा के विज्ञान शोध विभाग के बजट में 46.6 फीसदी की कमी की गई और इसे 7.3 अरब डॉलर से घटाकर 3.9 अरब डॉलर कर दिया गया।

यह केवल बजट कटौती नहीं है। यह काम करने वाले संगठनों को बाधित करने का प्रयास है। शोध प्रयोगशाला किसी नल की तरह नहीं होती जिसे चालू-बंद किया जा सके। यह एक जटिल संगठन होता है जो कई टीम के सहारे काम करता है। जब फंडिंग में कमी की जाती है तो ये टीमें बिखर जाती हैं। स्नातकोत्तर छात्र, विशेष रूप से वे जो अपने पीएचडी के अंतिम चरण में होते हैं, विज्ञान क्षेत्र को छोड़ देते हैं।

विशेषीकृत अनुसंधान सुविधाएं बंद कर दी जाती हैं और धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। दीर्घकालिक शोध परियोजनाएं बीच में ही रोक दी जाती हैं, जिससे वर्षों का शोध निष्फल हो जाता है और मूल्यवान डेटा अचानक छोड़ दिया जाता है। इसमें हिस्टेरेसिस प्रभाव होता है यानी, अगर ट्रंप के बाद फंडिंग पूरी तरह बहाल भी कर दी जाए, तो भी ज्ञान और संगठनात्मक पूंजी पहले ही खो चुकी होती है। इन क्षमताओं को फिर से स्थापित करने में एक दशक या उससे अधिक समय लग सकता है। हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नवाचार तंत्र के तेज और सुनियोजित विनाश को देख रहे हैं।

अमेरिकी सरकार की वैश्विक बुनियादी शोध में अत्यधिक भूमिका को देखते हुए, इन कटौतियों का दुनियाभर में ज्ञान उत्पादन पर नकारात्मक असर पड़ेगा। टीआरएल 1-6 स्तर की फंडिंग में जो अंतर पैदा होगा, उसे आसानी से भरा नहीं जा सकता। हालांकि निजी क्षेत्र से अपेक्षा की जाती है कि वह स्वच्छ ऊर्जा जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में निवेश बढ़ाएगाा विशेष रूप से अपने डेटा सेंटर्स के लिए। बहरहाल, यह उस प्रारंभिक टीआरएल कार्य की भरपाई नहीं कर सकता जिसे सरकार फंड करती है।

टीआरएल 7 स्तर पर मौजूद निजी पूंजी उन विचारों को व्यावसायिक रूप देने के लिए होती है जो टीआरएल 1-6 की शोध प्रक्रिया से निकलते हैं। परंतु जब ऐसे विचार ही कम होंगे, तो उन्हें व्यावसायिक रूप देने के अवसर भी घटेंगे। इसका असर आने वाले दशकों तक उत्पादकता वृद्धि और वैश्विक जीडीपी वृद्धि में गिरावट के रूप में दिखाई देगा। हमने ऐसा पहले भी होते हुए देखा है। 1920 के दशक में जर्मनी विज्ञान के क्षेत्र में विशेष रूप से भौतिकी और रसायन में निर्विवाद वैश्विक नेता था। लेकिन 1933 में सत्ता में आई नाजी सरकार एक लोकप्रिय सरकार थी, जिसने बहुसांस्कृतिक अभिजात वर्ग के खिलाफ जनाक्रोश को भुनाया।

अनुमान है कि जर्मनी के लगभग 25 फीसदी भौतिक विज्ञानी, जिनमें अल्बर्ट आइंस्टीन, मैक्स बॉर्न और लियो सिलार्ड जैसे 11 नोबेल पुरस्कार विजेता (पूर्व या भविष्य के) शामिल थे, जर्मनी छोड़कर चले गए। गॉटिंगेन विश्वविद्यालय जैसे विश्व के श्रेष्ठ अनुसंधान संस्थान नष्ट हो गए और इसमें सिर्फ एक साल लगा। 1934 में महान गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट ने नाजी शिक्षा मंत्री से कहा, ह्यगॉटिंगेन में गणित? अब वहां ऐसा कुछ नहीं बचा है।ह्य यह बताता है कि ज्ञान और नवाचार की नींव को कमजोर करना कितना नुकसानदायक हो सकता है।

उस दौर में अमेरिका शोधकताओं के लिए उम्मीद का केंद्र बनकर उभरा और वे वहां जाकर काम कर सके। दुनिया भर की सरकारों और परोपकारियों को इन हालात को समझना चाहिए। उन्हें टीआरएल 1-6

के बीच फंडिंग की कमी को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्हें अमेरिका छोड़ने वाले लोगों को वीजा, नौकरी और वित्तीय मदद देने के लिए तैयार रहना होगा, चाहे वे किसी भी देश के हों। भारत में एजेंडा होना चाहिए: (अ) अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (अनुसंधान एनआरएफ) का निर्माण, ताकि भारत में सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की शोध एवं विकास संस्थाओं को प्रभावी रूप से वित्तपोषित किया जा सके। (बी) टीआरएल 1-6 स्तर के अनुसंधान के लिए सार्वजनिक संसाधनों का आवंटन। (सी) वीजा नियमों में संशोधन, ताकि शोध प्रतिभाओं लिए भारत में प्रवास आसान हो सके।

1989 में जब सोवियत संघ का पतन हुआ तब भारत के पास ऐसा ही अवसर था कि वह पूर्वी यूरोप के शोधकताओं को अपने साथ कर सके। हमने वह अवसर गंवा दिया क्योंकि भारत खुद कमजोर था और मुश्किलों से घिरा था। इस बार हमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा के सेक्टर-89 निमी विहार मेंभव्य छठ महापर्व का आयोजन

पृष्ठ 1 का शेष

छठव्रतियों ने जल में खड़े होकर दूध, जल और प्रसाद से अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने सिर पर सूप और डाला रखकर सूर्यदेव को प्रणाम किया और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर निमी बिहार और आसपास के इलाकों से आए श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंच गई।

**सांस्कृतिक छठ पूजा समिति के संयोजक रवि कुमार सिंह ने बताया कि —**

"छठ पर्व भारतीय लोकजीवन की आत्मा है। यह पर्व आस्था, एकता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। नयागांव और मिनी बिहार के लोग इस पर्व को अपनी संस्कृति और श्रद्धा के साथ मनाते हैं।"

उन्होंने कहा कि समिति द्वारा घाटों की सजावट, सुरक्षा, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी नयागांव का छठ उत्सव एनसीआर क्षेत्र का सबसे भव्य आयोजन बन गया है।

बुधवार की प्रातः बेला में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस चार दिवसीय महान लोकपर्व का समापन होगा। व्रतधारी महिलाएं उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पारण करेंगी और प्रसाद वितरण के साथ पर्व की पूणार्हुति होगी।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे —**





बिजेंद्र मिश्रा, विनोद कुमार दुबे, हरीश शर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, नवीन सिंह, विकास दुबे, सुरेश यादव, शिवप्रताप मौर्य, सौरभ रंजन सिन्हा, सुजीत कुमार दुबे, विवेकानंद सिंह, कृष्ण कुमार राजपूत, कृपाल कुमार, बृज कुमार शुक्ल, अमित कुमार, लाल बहादुर, बृजेश कुमार यादव, पंकज सिंह, राकेश प्रकाश शुक्ल, जुगल किशोर, संतोष कुमार, रमेश राय, राहुल कुमार मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार पांडेय, विशाल दुबे, राहुल कुमार झा, कमलेश गुप्ता, उदम नगर और राहुल तिवारी सहित हजारों श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता।

# नोएडा में लाखों व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## सेक्टर-75, यमुना और हिंडन घाटों पर उमड़ा जनसैलाब, आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर होगा महापर्व का समापन

समाज जागरण ब्यूरो,

नोएडा 27 नवंबर 2025ः कार्तिक शुक्ल षष्ठी के अवसर पर बुधवार सायंकाल नोएडा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सेक्टर-75, यमुना, हिंडन के घाटों सहित शहर और ग्रामीण अंचलों में बने लगभग दो सौ छठघाटों पर लाखों छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर लोकगीतों और 'छठ मइया के जयघोष' से वातावरण गूंज उठा।

दिनभर छठव्रतियों ने पारंपरिक प्रसाद की तैयारी की – गेहूं, घी और शक्कर से बने ठेकुए, चावल और घी से बने लड्डू, फलों में सेब, केला, अमरूद, नारंगी, सिंघाड़ा, ईख, अदरक, हल्दी, मूली, सुथनी, कच्चा नारियल और घर में बने पकवानों को सूप, डाला और टोकरी में सजाया गया। सायंकाल महिलाएं और पुरुष प्रसाद से भरे दौरे लेकर घाटों की ओर निकले। कई



श्रद्धालु घर से घाट तक कष्टी देते हुए पहुंचे।

सूर्यास्त से पूर्व छठव्रतियों ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। उनके साथ परिजन और श्रद्धालु भी जल में उतरकर सूर्यदेव को नमन करते रहे। इस अवसर पर घाटों पर सुरक्षा और स्वच्छता की व्यापक व्यवस्था की गई थी।

**छठ महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा की भीड़**

सेक्टर-75 स्थित सेंट्रल पार्क में श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा के तत्वावधान में भव्य श्री छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ॰ मुन्ना कुमार शर्मा, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय, उपाध्यक्ष डॉ॰ शशांक शेखर, बसंत उपाध्याय, हीरालाल यादव, मनीष यादव, मधुरेंद्र सिंह, कैप्टन राकेश कुमार, अनमोल सिंह, विनोद कुमार, अतुल जैन सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**डॉ. शर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि —**

"छठ पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व सूयोर्पासना के माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण, आस्था और एकजुटता का संदेश देता है।"

उन्होंने बताया कि यह पर्व बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झा-रखंड, पश्चिम बंगाल के कई जिलों, नेपाल, मॉरिशस, फिजी, सूरीनाम, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा सहित दुनियाभर में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत होता है।

**आज होगा महापर्व का समापन**

आज कार्तिक शुक्ल सप्तमी को प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। सूर्योदय से पूर्व छठव्रती प्रसाद से भरे सूप, डाले और टोकरी लेकर घाटों पर पहुंचेंगे। अर्घ्य के उपरांत व्रतियों द्वारा सूर्यपिंड (श्रीसोप्ता) के निकट पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद पारण कर व्रत का समापन होगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## व्यावसायिक चिकित्सा क्रियान्वयन में - पैनल चर्चा आयोजित

# विश्व व्यावसायिक चिकित्सा दिवस पर फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन का कार्यक्रम, विशेषज्ञों ने कहा– "जीवन की गुणवत्ता सुधारना ही असली चिकित्सा"

समाज जागरण ब्यूरो

नोएडा, 27 अक्टूबर 2025ः विश्व व्यावसायिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन द्वारा "व्यावसायिक चिकित्सा क्रियान्वयन में" विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल रोग, हड्डी रोग, न्यूरो, वृद्धावस्था तथा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक चिकित्सक और विशेषज्ञ शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एकता दफ्तरी, निदेशक — त्रिशा न्यूरो डेवलपमेंट क्लिनिक, नोएडा ने कहा कि –

"व्यावसायिक चिकित्सक समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे केवल उपचार ही नहीं करते, बल्कि व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को फिर से बेहतर बनाते हैं। उनका उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें जीवन जीने की नई ऊर्जा देना है।"



**जीवन की गुणवत्ता सुधारना ही मुख्य लक्ष्य**

फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन की प्रबंध निदेशक डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को कोई विकार उसके काम से रोकता है, तब व्यावसायिक चिकित्सा उसकी समस्या की गहराई तक जाकर समाधान करती है।

उन्होंने कहा –"चाहे समस्या हाथ-पैर की गति से जुड़ी हो या सूक्ष्म कार्य क्षमता की, व्यावसायिक चिकित्सा व्यक्ति को उसकी दैनिक गतिविधियों में सक्षम बनाकर जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है। यह चिकित्सा उसकी कमजोरी के बावजूद उसे उसके काम में सफल बनाती है।"

**पुनर्वास का अभिन्न अंग है व्यावसायिक चिकित्सा**

फाउंडेशन के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह ने कहा कि व्यावसायिक चिकित्सा केवल शारीरिक उपचार नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी व्यक्ति को मजबूत बनाती है।

उन्होंने कहा – "यह चिकित्सा व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सहायता करती है। व्यावसायिक चिकित्सक समाज में एक अहम भूमिका निभाते हैं, जो लोगों को फिर से आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।"

**समाज कल्याण की दिशा में सराहनीय पहल**

इस अवसर पर सेंटर प्रबंधक सुरभि जैन और विशेष शिक्षिका इलिका रावत भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कई छात्र, अभिभावक और दिव्यांगजन शामिल हुए।

इस आयोजन का सफल संचालन फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुष्मिता भाटी और प्रशासन प्रमुख श्री कृष्ण यादव द्वारा किया गया।

फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में व्यावसायिक चिकित्सकों के योगदान को पहचान देना, उनके कार्य का सम्मान करना और लोगों को उनके महत्व से अवगत कराना है।

# सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व, छठ पूजा पर डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य

पृष्ठ 1 का शेष

समाज जागरण

शाम को पूरे विधि-विधान से सूर्य देव की आराधना की गई। छठव्रतियों ने डूबते हुए सूर्य एवं छठमाता की आराधना की। इस दौरान आतिशबाजियां और गाजे-बाजे से माहौल रंगीन रहा। पूरे छठ घाट को आकर्षक लाइट एवं झालरों से सजाया गया था सेल्फी प्वाइंट पर लोगों का फोटो शूट करने का एक अलग ही छटा बिखेर रहा था छठ महापर्व को लेकर आदर्श नगर पंचायत द्वारा छठ घाट पर व्यापक इंतजाम किए गए थे। न सिर्फ काफी फोर्स सुरक्षा के लिए लगी थी, बल्कि घाट पर स्नान के बाद महिलाओं को दूसरे वस्त्र बदलने के लिए यहां लगभग एक दर्जन चेजिंग रूम भी बनवाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए मेन रोड से लेकर नदी तट तक पथ प्रकाश की व्यवस्था भी व्यापक रूप से कराई गई थी। लोगों के मनोरंजन के लिए भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। रात्रि में रूकने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पंचायत द्वारा भोजन के साथ ही रजाई गद्दे का भी व्यवस्था किया गया था बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस अवसर पर छठ घाट पहुंचे। जिससे छठ घाट पर भीड़ बिते वर्षों की भांति इस वर्ष कुछ ज्यादा ही दिखी। सायं तीन बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया था। मंगलवार को तड़के उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा इस दौरान उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे के इस कठिन व्रत का समापन हो जायेगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह भारी फोर्स के साथ जगह जगह तैनात रहे।

# 30 अक्टूबर को सूरजपुर स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में होगी जिला सैनिक बन्धु बैठक

## भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन करेगा संवाद

समाज जागरण ब्यूरो

गौतमबुद्ध नगर, 27 अक्टूबर 2025 : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वासन अधिकारी गौतमबुद्ध नगर ने जानकारी दी है कि आगामी 30 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को दोपहर 12:00 बजे मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, ग्रेटर नोएडा (सूरजपुर) के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु बैठक आयोजित की जाएगी।

**भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं से होगा संवाद**

अधिकारी ने बताया कि यह बैठक भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रितों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करेगी। इस बैठक के माध्यम से प्रशासन और पूर्व सैनिक परिवारों के बीच संवाद एवं समन्वय को और सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**समस्याएं व सुझाव 30 अक्टूबर से पूर्व भेजें**

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि यदि किसी भूतपूर्व सैनिक, वीरांगना या आश्रित के पास कोई सुझाव या समस्या है, तो उसे 30 अक्टूबर से पूर्व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है, ताकि बैठक में उस पर सार्थक चर्चा की जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि सुझाव या समस्याएं निम्न माध्यमों से भी भेजी जा सकती हैं –

ईमेलः zsagb-up@nic.in

व्हाट्सएपः 7839553234

**बैठक में सहभागिता का किया गया आह्वान**

अधिकारी ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रितों से अपील की है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव व अनुभव साझा करें, जिससे जिला प्रशासन उनके कल्याण से संबंधित योजनाओं को और अधिक प्रभावी रूप से लागू कर सके।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत छलेरा आंगनवाड़ी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी और आत्मरक्षा के टिप्स



समाज जागरण ब्यूरो

गौतमबुद्ध नगर, 27 अक्टूबर 2025 : महिला सशक्तिकरण की दिशा में ह्लमिशन शक्ति अभियानह्व के अंतर्गत आज बिसरख ब्लॉक के छलेरा आंगनवाड़ी केंद्र पर ह्लघरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलनह्व विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**महिलाओं को कानून और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी**

महिला कल्याण विभाग की हब टीम से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी ने प्रतिभागी महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और दहेज उन्मूलन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाएँ संचालित कर रही है, जिनमें प्रमुख हैं –

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना**
**मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना**
**निराश्रित महिला पेंशन योजना**
**स्पॉन्सरशिप योजना**
**वन स्टॉप सेंटर योजना**

**महिलाओं को बताए गए हेल्पलाइन नंबर**

मीनाक्षी ने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या संकट की स्थिति में महिलाएँ और बालिकाएँ तत्काल निम्न नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं –

**1090 — महिला हेल्पलाइन**
**181—महिला सहायता हेल्पलाइन**
**112 — आपातकालीन सेवा**
**1098 — बाल हेल्पलाइन**

उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा को छिपाएँ नहीं, बल्कि तुरंत इन सेवाओं का लाभ लें और दूसरों को भी जागरूक करें।

**कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यक-र्त्रियां अभिलाषा, अंजना, पूनम सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में आत्मरक्षा, अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# छठ पर्व को लेकर नोएडा पुलिस सतर्क, पुलिस आयुक्त ने किया पूजा स्थलों का निरीक्षण

*श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात और प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की गई*

समाज जागरण

नोएडा : छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नोएडा पुलिस आयुक्त ने ग्रेटर नोएडा जोन के कासना सहित विभिन्न छठ पूजा स्थलों का भ्रमण और निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने यातायात, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और पुलिस प्रबंधन सहित सभी सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अस-ुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित की जाएं।



पुलिस आयुक्त ने कहा कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर भीड़ अधिक रहती है, ऐसे में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग की उचित व्यवस्था समय से पहले लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

# लोगों का मार्ग मरम्मत का अरमान फिर डूबकर रह गया उस भरे गंदे पानी में

समाज जागरण

लोनी 27 अक्टूबरः लोनी के दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग पर सोमवार को अचानक शिविर का मार्ग की यह तस्वीर चिल्ला-चिल्लाकर यह कह रही हो कि उसकी इस दुर्दशा के जिम्मेदार आखिर कब सुधरेंगे. और यात्री कब तक इस तरह



गंदा पानी भर जाने से उसने तलाब जैसा रूप ध्यान कर लिया. नतीजन क्षेत्रीय नागरिकों के उसकी मरम्मत के अरमान भरे आंसू एक बार फिर इस तालाब में डूबकर लुप्त हो गए। दरअसल कुछ दिन पूर्व ही विधायक जी द्वारा दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग मरम्मत कार्य का शुभारंभ किये जाने की जानकारी पाकर लोगों ने राहत की सांस ली थी. मगर लगता है मानो परेशानी और दुर्घटनाओं के शिकार



होते रहेंगे।

# चौथे स्तंभ को कलंकित करने पर तुले हैं कुछ कथित पत्रकार




समाज जागरण

लोनी, 27 अक्टूबरः "पत्रकारिता" देश व देशवासियों की उन तमाम गतिविधियों के बीच का एक वह सेतु है जिसके माध्यम से दोनों के बीच अच्छी व बुरी गतिविधियों का आदान-प्रदान संभव होता है. यानीकि नीतियों को आमजन के समक्ष परोसकर उन्हे यह बताना कि सच क्या है। मगर आज के युग में जिस तरह कुछ यथाकथित पत्रकारों की घटिया मानसिकता वाले कृत्य सुनने और देखने में आ रहे है वह निश्चित तौर पर देश के चौथे स्तंभ को कमजोर करने जैसी बात है. जबकि सच्चाई तो यह है कि अगर पत्रकारिता पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ की जाए तो वह एक ऐसी शक्ति है जो किसी भी सत्ता को हिला कर रख सकती है. और यदि यही पत्रकारिता जिम्मेदारी को ताक पर रखकर अपने निजी स्वार्थ के लिए की जाए तो समाज और सरकार दोनों के लिए हानिकारक भी हो सकती है. जो पत्रकारिता क्षेत्र के लिए एक कलंक मात्र है।

कितने अफसोस एवं चिंता की बात है कि कुछ ऐसे लोग जो पत्रकारिता के मायने से भी अनभिज्ञ है और किसी समाचार से संबंधित शब्दों को उकेरने का ज्ञान भी ठीक से नहीं रखते हैं, बावजूद वह पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की चापलूसी कर अपने को बड़ा पत्रकार सिद्ध कर लेते हैं. यही नहीं वह स्वयं ही अपने को वरिष्ठ पत्रकार कहने और सुनने में कोई संकोच नहीं करते. हालांकि यह उनकी एक बड़ी चूक है, क्योंकि वह नहीं जानते कि अधिकारियों को भी कुछ ऐसे ही पत्रकारों की आवश्यकता होती है।

क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक पत्रकार को यह समझना होगा कि हम देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले इस मीडिया जगत में वाह-वाही लूटने, अपना स्वार्थ सिद्ध करने या लोकप्रिय होने के लिए नहीं आते. बल्कि समाज के प्रति यह हमारा धर्म और कर्तव्य होता है. एक पत्रकार की पूर्ण जिम्मेदारी है कि प्रकरण सामाजिक, प्रशासनिक हो या राजनैतिक, सच्चाई को तलाशे और अपने कार्य क्षेत्र के माध्यम से तबतक प्रयासरत रहे जबतक सच्चाई को प्रकाशित न कर दो.

क्योंकि पत्रकारिता का कार्य है, जनहित में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर उसे जनता के बीच मर्यादित शब्दों में परोसना, उसे एक संदर्भ में रखना. ताकि उसका उपयोग समाज हित/देश हित में हो सके।

पत्रकारिता का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव मात्र सेवा करना है. इसी राह पर चलते हुए पत्रकारिता करोगे तो किसी भी तरह का भय आपको नहीं बल्कि सामने वाले को होगा और यदि इस वास्तविकता से भटक कर चापलूसी व निजी स्वार्थ भरी पत्रकारिता करते रहोगे तो आज नहीं तो कल अपमानित होना ही होगा जिसके कई उधारण समय-समय पर देखने व सुनने को मिलते रहे हैं जो पत्रकार के नाम पर एक भद्दी गाली है।

# वेतन न मिलने के विरोध में संविदा कर्मियो ने विधुत वितरण खंड पर काटा हंगामा

समाज जागरण

लोनी, 27 अक्टूबरः विधुत वितरण खंड रुपनगर के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियो ने दो माह से वेतन न मिलने से रोष प्रकट किया है। रोषित कर्मचारियों ने सोमवार को बिजली घर पर अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान ठेकेदार कंपनी मैहर इंटरप्राइजेज व विधुत विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए वहा जमकर हंगामा कांटा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में रुपनगर प्रथम, रुपनगर द्वितीय, नाईपुरा लालबाग, चमन बिहार, डीएलएफ व अंकुर बिहार, कुल 6 उपखंड स्थित है. इनपर तैनात लाइनमैन, पेट्रोल मैन और एसएसओ का आरोप है कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल पाने से उनका जन जीवन पूरी तरह प्रभावित है. यही नहीं, कंपनी द्वारा पीएफ और ईएसआई की किश्तें भी समय से जमा नहीं की जा रही हैं। इसी के विरोध में रोषित कर्मचारियों ने सोमवार को एकजुट होकर कार्य बहिष्कार करते हुए उपखंड रुपनगर प्रथम पर पहुंचकर वहां धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा काटा.

धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही विधुत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता प्रदर्शनकार्यों से बिना बातचीत किए ही वहां से चुपचाप निकल गए गए. इससे कर्मचारियों के बीच और अधिक नाराजगी फैल गई और कंपनी व विद्युत विभाग के विरुद्ध नारीबाजी करते हुए अपनी भड़ास निकाली। दूसरी ओर कंपनी के एडमिन इंचार्ज हरीश अधिकारी का कहना है कि अगस्त माह में 296 कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जा चुका है. विभाग की ओर से 322 कर्मचारियों की सूची कंपनी को दी गई थी, जिनमें 26 कर्मचारियों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड में नहीं हैं. यह स्पष्ट नहीं है कि इन कर्मचारियों को किसने नियुक्त किया। कर्मचारियों का आरोप है कि यह विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है जो, आज यह स्थिति पैदा हुई है. अधिकारी यदि समय रहती कंपनी को भुगतान के लिए पत्र जारी करते, तो कंपनी वेतन का भुगतान कर देती. और कर्मचारियों को इस तरह कार्य बहिष्कार करने जैसा कदम नहीं उठाना पड़ता।

जबकि प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते उनका बकाया वेतन और पीएफ-ईएसआई का भुगतान नहीं किया गया, तो उन्हें क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप करने जैसा कोई दूसरा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। प्रदर्शनकार्यों का नेतृत्व करने वालों में शामिल राजू यादव, अंकित ठाकुर, कुलदीप कुमार, सन्नी, गौरव ठाकुर, निखिल, आबिद अली, महबूब अली, हरीश कुमार, अरविंद व गजेंद्र आदि के अलावा इस मौके पर दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## हार्वेस्टर मशीन में गिर कर युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिधांव में 15 दिन पूर्व आये 18 वर्षीय हार्वेस्टर में मशीन में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना टहाखुर्द निवासी सुफात अली का पुत्र ज्ञाने आलम एक पखवारा पूर्व ललौली थाने के सिधांव गांव मजदूरी करने के लिए आया था। बताते है कि रविवार की शाम लगभग 5 बजे अचानक हार्वेस्टर मशीन में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का बाबा नूर आलम ने दी है।

## पैलेसर से दबकर बालक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर में रविवार की शाम पैलेसर के पहिये के नीचे आकर 8 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हरदासपुर गांव निवासी पप्पू सिंह का पुत्र प्रिन्स अपने कुछ हमजोली साथियों के साथ पैलेसर में चढ उतर रहे थे। तभी अचानक पैर फिसल जाने से प्रिन्स नीचे गिर पडा और पैलेसर का पहिया उस पर चढ गया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## चार पहिया की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के कोट गांव के रजी उल्ला का 19 वर्षीय पुत्र कामरान उल्ला, राशिद के घर से दावत खाकर अपने घर जा रहा था। तभी कोट गांव के बाहर ईदगाह मोड़ के पास समय लगभग 3 बजे के स्कार्पियो व बाइक सवार में जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार कामरान बुरी तरह से घायल हो गया। साथ में बाइक सवार दो बच्चियां छिटककर दूर जा गिरी दोनों बच्चियां घायल हो गई। वहीं कामरान को इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। कामरान अपने माता पिता के साथ किसानी का काम देखता था साथ ही ट्रैक्टर चलाता था। मौत की जानकारी होने पर मां सलमा बेगम, पिता रजी उल्ला व दोनों भाइयों के रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है प्राप्त होते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## डीपीई विशेष अभियान 5.0 के प्रति सक्रिय

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) लंबित मामले और कार्यालय परिसर के अंदर स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान 5.0 लागू कर रहा है। सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित परिसर के अंदर स्वच्छता बनाए रखने के अलावा, सार्वजनिक उद्यम विभाग अपने कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखना भी सुनिश्चित किया है। अभियान को पिछले वर्षों की तरह दो चरणों में लागू किया जा रहा हैः चरण क( 16 सितम्बर 2025 से 30 सितंबर 2025 )ः प्रारंभिक चरण इस चरण के दौरान, विभिन्न लंबित मामलों जैसे कि सांसदों के संदर्भ, संसदीय आश्वासन, राज्य सरकारों के संदर्भ, अंतर-मंत्रालयी संचार और लोक शिकायतों की पहचान की गई।

# धान लदा ट्रक चार पहिया पलटा दो की मौत एक घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थाना कल्यानपुर क्षेत्र के अंतर्गत बिंदकी से चौड़गरा की ओर जाने पहुर मोड़ के समीप रविवार व सोमवार की मध्य रात करीब 12 बजे धान भरे बोरे लादकर बिंदकी से चौडगरा की ओर जा रही ट्रेलर गाड़ी अनियंत्रित होकर चौडगरा की ओर से बिंदकी आ रही वैगन आर कार के ऊपर पलट गई। जिसके चलते वैगन आर कार सवार पंकज कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम मुरादपुर कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर तथा धीरू उम्र 26 वर्ष पुत्र रामखेलावन निवासी मोहल्ला बजरिया बड़ा कुआं कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस वैगन आर कार में सवार जसवंत कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र सिद्धार्थ निवासी मोहल्ला पैगंबरपुर कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। सभी को एंबुलेंस 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी लाया गया। जिसमें चिकित्सक ने पंकज कुमार तथा धीरू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव के अलावा बिंदकी कोतवाली पुलिस तथा थाना कल्याणपुर पुलिस पहुंचीं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भारतीय जनता पार्टी मंडल बिंदकी के अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह बउआ, भाजपा युवा मोर्चा नेता रोहित कश्यप भी पहुंचे। धान भरे बोरे सहित टेलर गाड़ी वैगन आर कार के ऊपर पलटने से पूरी वैगन आर कार लगभग चिपक जैसी गई। एक युवक जसवंत कुमार किसी तरह बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मृतक युवक पंकज कुमार तथा धीरू के परिजन रो-रो कर बेहाल हो रहे थे। इसके अलावा रिश्तेदार तथा परिचित भी घटना से दुखित नजर आ रहे थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शोक का माहौल छाया रहा। पुलिस ने मृतक पंकज कुमार तथा धीरू के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जबकि घायल जसवंत कुमार का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी मे इलाज चलता रहा।

दुर्घटना के बाद चौडगरा कस्बे से दोनों और लगभग एक-एक किलोमीटर की दूरी में काफी देर तक जाम लग रहा। इसके बाद धीरे-धीरे वाहनों का निकलना शुरू हुआ।

## अज्ञात चोरों ने तीन घरों में धावा बोल नगदी जेवर सहित लाखों का किया सामान पार

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रविवार व सोमवार की मध्य रात को अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। सोमवार की सुबह 6 चोरी की जानकारी हुई।

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर कल्लू परिहार के घर की बाउंड्री फांदकर अंदर घुसे और एक कमरे का ताला तोड़ दिया। चोरों ने बक्सों से 2000 नगद तथा सोने चांदी के जेवरात चोरी केलिए। गृह स्वामी ने बताया कि वह पत्नी के साथ बीमार साले को कानपुर देखने गए थे जबकि बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे बताया कि लगभग चार लाख रुपए की संपत्ति चोरी हुई है इसी प्रकार गांव में मोनू सिंह के घर के पीछे साड़ी का फंदा बनाकर चोर छत पर चढ़े और लोहे का जाल तोड़ दिया हालांकि चोर घर के अंदर प्रवेश नहीं कर पाए और भाग निकले। मोनू सिंह के घर के बाद पड़ोसी राजेश निषाद के घर में चोर घुसे जहां पर चोरों ने राजेश निषाद और उनकी पत्नी सीता देवी निषाद के साथ मारपीट किया। घायल दंपति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## युवक के ऊपर गिरी तार, मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। नगर में 11000 वोल्ट की बिजली तार टूट कर गिरने से 18 वर्षीय युवक अनुज सिंह की मौके पर मौत हो गई। यह घटना रविवार की दोपहर लगभग एक बजे राजपूत नगर में हुई जब अनुज अपने खेतों में धान कूटने जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तत्काल बिजली विभाग को सूचित कर आपूर्ति बंद करवाई। सूचना पर बिजली विभाग के जेई डी.डी. सोलंकी, पुलिस तथा राजस्व कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को सांत्वना दी और शव को हरदो सीएचसी भेजवाया। जेई डी.डी .सोलंकी ने विभाग से बात कर पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए की सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। चेयरमैन गीता सिंह ने भी सहयोग का वादा किया है। मृतक अनुज सिंह अपने तीन भाइयों मे सबसे छोटा था और पढ़ाई कर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र मे लगी बिजली की तारें बहुत पुरानी और जर्जर हैं। इन्हीं तारों के भरोसे लगभग तेईस ट्यूबवेल संचालित होते हैं। ग्रामीणों के अनुसार पहले भी इन तारों के टूटने से कई बार फसलें जल चुकी हैं। विभाग की लापरवाही सामने आई है।

## आत्महत्या पर लड़की पक्ष वालों ने काटा बवाल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के सराय सांबा नगरा ग्राम चक भुनगापुर चौराहे पर एक नवविवाहिता द्वारा जहर खाने की घटना पर लड़की वालों की ओर से आए परिजनों ने दरवाजे पर हंगामा काटा और लड़की को जबरन सल्फास की गोली खिलाने का आरोप लगाते हुए सजा देने की मांग की।सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर दुर्गेश प्रसाद गुप्त के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा।तहसील प्रशासन तथा फॉरेंसिक टीम के पहुंचने पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।मृतिका के भाई बिन्नू पंडा ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।घटना की खबर लगते ही प्रधान मान सिंह यादव सहित मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। मूल रूप से अलीपुर जीता जिला कौशांबी के रहने वाले तथा हाल मुकाम फतेहपुर हरि प्रसाद सैनी ने दान दहेज के साथ 5 मई 2025 को अपनी बेटी नेहा सैनी उर्फ रानी का विवाह उक्त ग्राम सभा के शिवम सैनी के साथ किया था।नेहा तीन माह की गर्भवती भी थी।जानकारी के अनुसार बीती रात नेहा ने जहर खा लिया।पिता हरि प्रसाद का आरोप है कि उसकी बेटी को जबरन सल्फास की गोली खिलाई गई है।रात लगभग 8 बजे की घटना है।लगभग दस बजे उन्हें सूचना दी जाती है। फतेहपुर में डॉक्टरों द्वारा हाथ खड़े कर लेने के बाद नेहा को कानपुर ले जाया गया।पिता का कहना है कि अस्पताल में उसकी बेटी ने मरने के पहले जबरन सल्फास खिलाने की बात कही थी।पिता ने यह भी बताया कि कुछ महीने पहले उनकी लड़की के साथ मारपीट भी की गई थी।लड़का हमेशा दहेज की मांग करता था।

उसकी मांग पर फ्रिज लाकर घर में रख लिया गया था कि समय निकालकर बेटी के यहां पहुंचा दिया जाएगा। घटना के बाद बेटी की ससुराल में लड़की पक्ष के परिजनों ने हंगामा करते हुए घर में लड़की की मां से मारपीट भी की।लड़का सहित पुरुष परिजन घर से गायब हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लड़की की मां सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## संदिग्ध हालत में गर्भवती नवविवाहिता की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के तौरा गांव में एक नव विवाहिता गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के अफोई चौकी अन्तर्गत तौरा गांव के अनूप सिंह लोधी पुत्र अमृत लाल लोधी ने हाजा थाना में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री साधना की शादी मार्च 2025 में जनपद के मलवां थाना अन्तर्गत सहिली गांव के अवधेश कुमार के लडके फूलसिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों द्वारा दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट करते रहे और फोन से मायके में बात नहीं करने देते थे। मायके के सभी नंबर ब्लॉक कर दिए गए गये थे जिससे बात नहीं हो पा रही थी। मृतका के पिता ने बताया कि दीपावली के दिन उसकी बेटी की सास ने बताया कि आप अपनी बेटी को ले जाइये। इनको बुखार आ रहा है। मृतका छः माह की गर्भावस्था में थी। खान, पान और इलाज जांच आदि में भी ध्यान नहीं दिया जाता था। सुबह इलाज ले लिए ले जा रहे थे। तभी रास्ते में मौत हो गई परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेटी की सास ने दीपावली के दिन चाय में कुछ डालकर पिलाया था तभी से तबियत बिगड गई और इलाज भी नहीं कराया जिससे इलाज कराने ले जाते समय मौत हो गई परिजनों की सूचना पर अफोई चौकी इंचार्ज राय साहब यादव, उप निरीक्षक राकेश कुमार सहित पुलिस बल पहुंचकर घटना की जानकारी करके विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु शव को भेजा गया।

## कन्नौज : डीएम ने की खरीफ फसल खरीद तैयारियों की समीक्षा की

### एक नवम्बर से 21 केंद्रों पर होगी खरीद, अब तक 97 किसानों ने कराया पंजीकरण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद कन्नौज में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मक्का, बाजरा एवं धान की सरकारी खरीद पारदर्शी ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मंडी कन्नौज एवं हरिभानपुर मंडी में मक्का तथा बाजरा के लिए कुल 9-9 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। बाजरा का समर्थन मूल्य ₹2775 प्रति क्विंटल तथा मक्का का समर्थन मूल्य ₹2400 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। अब तक मक्का विक्रय हेतु 97 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 29 किसानों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है।वहीं बाजरा विक्रय हेतु 69 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 7 किसानों का सत्यापन संपन्न हुआ है। जनपद में धान का क्रय लक्ष्य 30000 मैट्रिक टन है इसी प्रकार मक्का का क्रय लक्ष्य 3000 मैट्रिक टन है तथा बाजरा का क्रय लक्ष्य 1500 मैट्रिक टन है '
धान क्रय कार्य 1 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होगा, जिसके लिए जनपद में विपणन शाखा के 15 केंद्र, पी.सी.एफ के 5 केंद्र, एफ.सी.आई. के 1 केंद्र, कुल 21 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। धान का समर्थन मूल्य जिसमें धान (कॉमन) : ₹2369 प्रति क्विंटल, धान (ग्रेड-A) : ₹2389 प्रति क्विंटल है। धान विक्रय के लिए 129 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 30 किसानों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर खरीद कार्य में लापरवाही या अनियमितता पाई जाने पर संबंधित अधिकारियो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने पंजीकरण एवं सत्यापन कार्य समय से पूर्ण कराकर निर्धारित समर्थन मूल्य पर उपज की बिक्री सुनिश्चित करें।

# कन्नौज: वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें: डीईओ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राज नैतिक दलों के साथ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 के आधार पर विधान परिषद के खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सार्वजनिक नोटिस 30 सितम्बर 2025 को जारी किया गया है, जबकि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर 2025 निर्धारित है। दावे एवं आपत्तियाँ 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक प्राप्त की जाएंगी तथा अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा।

श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य शत-प्रतिशत पारदर्शिता, सतर्कता और समयबद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रपत्रों की प्रत्येक प्रविष्टि का गहन परीक्षण करें तथा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों संस्करणों की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्रता मानकों की जानकारी देते हुए कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु आवेदक को कम से कम तीन वर्ष पूर्व किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (या समकक्ष) उपाधि प्राप्त होना आवश्यक है। आवेदन (प्रपत्र-18) के साथ शैक्षिक प्रमाण-पत्र संलग्न कराना अनिवार्य है, जिसे राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाए तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु आवेदक ने अर्हता तिथि से पूर्व के छह वर्षों में से न्यूनतम तीन वर्ष तक किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में अध्यापन कार्य किया हो। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रमाण-पत्र जारी कर प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में केवल 351 एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 73 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो अपेक्षाकृत कम हैं। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र आवेदकों तक जानकारी पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने राजनीतिक दलों से भी अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के फॉर्म भरवाएं जिससे विगत निर्वाचन की भांति मतदाताओं की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट में सी0आर0ए0 राम बृजेश, असि0 अखिलेंद्र, जू0 असि0 निर्वा0 अरविंद सिंह, एल0बी0सी0 अक्षत, ई0डी0एम0 बृजेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार, निर्वा0 देवेश, शिवम सैनी, वरिष्ठ सहा0 अंजनी प्रताप सिंह सहित कलेक्ट्रेट कार्मिकों द्वारा खंड स्नातक क्षेत्र के अंतर्गत नामांकन फॉर्म भरे गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कन्नौज: जिलाधिकारी ने वीवीपैट एवं निर्वाचन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय एवं वीवीपैट गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन से संबंधित सभी अभि लेखों, उपकरणों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा एवं सीलिंग प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और शत-प्रतिशत सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मशीन की कार्यशीलता का नियमित परीक्षण किया जाए तथा मशीनों के भंडारण कक्ष में तापमान और नमी का समुचित नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय के रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, मशीन आवक-जावक अभिलेख तथा सेफ्टी प्रोटोकॉल की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी समस्त सामग्री की सूची अद्यतन रखी जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी निश्चित की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे निरन्तर क्रियाशील रहने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियाँ समयबद्ध एवं मानक प्रक्रिया के अनुरूप की जाएँ, ताकि निर्वाचन कार्य सुचारु, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौज: फसल अवशेष न जलाने के लिए डीएम ने दिखाई 5 जागरूकता वैनों को हरी झंडी

### किसानों से की अपील, खेतों में अवशेष न जलाएं

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से 5 जन-जागरूकता वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों के अनुपालन में किसानों को फसल अवशेष (पराली) न जलाने हेतु जागरूक करेंगी। यह वैनें धान उत्पादन वाले 5 प्रमुख विकास खंडों में आगामी 10 दिनों तक लगातार भ्रमण करते हुए किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए प्रेरित करेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि होती है, भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी देकर सहयोग करना है। इन जागरूकता वैनों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में माइक (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) द्वारा किसानों को संदेश प्रसारित किए जाएंगे। वैनों के जरिए वीडियो, ऑडियो क्लिप और प्रचार सामग्री के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ, कम्पोस्टिंग, मल्चर, हैप्पी सीडर एवं रोटावेटर जैसी तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने की बजाय उसे जैविक खाद में परिवर्तित करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर किसान चौपालों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को इस अभियान से जोड़ा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) आशीष कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मिले राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के विभिन्न विषयों पर हुई सार्थक चर्चा पर ड्रॉप मोर क्रॉप के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई योजना में राजस्थान को 20% की जगह 40% तक राशि बढ़ाने का लिया गया निर्णय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कृषि भवन में मुलाकात की। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सुझाव पर राजस्थान के कम उत्पादकता वाले 8 जिलों को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में शामिल करने का हमने फैसला किया है। साथ ही ड्रॉप मोर क्रॉप के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई योजना में भी राजस्थान को 20% की जगह 40% तक राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है और प्रदेश में सिंचाई हेतु टांकों की व्यवस्था को जारी रखने का फैसला किया गया है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैठक में राजस्थान में खाद की आवश्यकता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण सहित पीएम जनमन योजना के राज्य में क्रियान्वयन पर



भी व्यापक चर्चा हुई। इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की उप-योजनाओं में तारबंदी कार्यक्रम को शामिल रखने तथा दलहन उप-योजना के अंतर्गत कांटेदार तारबंदी पर अनुदान स्वीकृति जैसे किसान हितैषी विषयों पर सार्थक निर्णय लिए गए।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और पीएम धन-धान्य कृषि योजना के त्वरित क्रियान्वयन पर भी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के सहयोग से इन दोनों ही योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों को पहुंचे इसके लिए कृषि मंत्रालय पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

बैठक के बाद श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को बधाई देता हूं कि वे राजस्थान के विकास और जनता के कल्याण के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं और भारत सरकार की योजनाओं का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया है बैठक में कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे बैठक के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से हमारी सरकार खेती के उन्नयन और किसान कल्याण के प्रति पूर्णतः संकल्पित है

# निकाह के बाद जिस्म फिरोशी का दबाव

**– युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर दी आत्महत्या की धमकी**

**समाज जागरण**

कांधला। क्षेत्र की एक युवती ने गांव असदपुर जिडाना निवासी एक युवक पर निकाह करने के बाद उस पर देह व्यापार दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि जब उसने इस अवैध कार्य को करने से मना कर दिया, तो युवक ने उसे छोड़ दिया।इस घटना से परेशान होकर युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया है, जिसमें उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी है। वीडियो में युवती ने युवक के परिजनों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि युवती ने गांव असदपुर जिडाना निवासी युवक के साथ शादी की थी और दोनों साथ रह रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच अनबन हो गई थी, जिसके बाद युवती ने युवक और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी ने पुष्टि की है कि युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है और मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि वे युवती की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और आत्महत्या की धमकी के मद्देनजर आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**समाज जागरण**

कैराना। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव पावटीकलां निवासी एक युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या किए जाने की चर्चा है। हालांकि, मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है और परिजनों की ओर से कोई पुलिस कार्रवाई भी अभी तक नहीं की गई। मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय घायल

**समाज जागरण**

कैराना। अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय घायल हो गई। गोसेवा दल के कार्यकताओं ने उपचार शुरू कराया।

सोमवार को शामली बाईपास के निकट सड़क क्रॉस कर रही एक नीलगाय को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिस कारण नीलगाय घायल हो गई। सूचना पाकर गोसेवा दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा घायल नीलगाय का उपचार प्रारंभ कराया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में पीड़ित परिवार को धमकी

**समाज जागरण**

कैराना। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फैसला नहीं करने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर दी है। बताया है कि 12 मार्च 2025 को उसकी नाबालिग बेटी को नशीला पदार्थ सुंघाया था और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे में आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया था, जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के परिवार के लोगों द्वारा उक्त मुकदमे में फैसले का दबाव बनाया जा रहा है तथा फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसे लेकर पीड़ित परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। मामले में पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई गई है। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बच्चों के साथ लापता हुई महिला

**समाज जागरण**

कैराना। शादी समारोह के लिए गई एक महिला अपने दो बच्चों के साथ लापता हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर दी है।

गांव नंगलाराई निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गत 24 अक्टूबर को उसकी पत्नी दो मासूम बच्चों और सोने–चांदी के जेवर पहनकर सहारनपुर के गांव कुंडाकलां में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। इसके बाद उसने अपने ससुर से फोन पर बात की, जिसने पत्नी व बच्चों के नहीं पहुंचने की जानकारी दी। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका। आशंका जताई गई है कि उसकी पत्नी किसी युवक के साथ न चली गई हो। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक चोरी करने का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने युवक पर चोरी का शक जताया है।

मोहल्ला पीरजादगान निवासी वाजिद ने कोतवाली में तहरीर दी। उसने बताया कि उसकी बाइक गली में खड़ी हुई थी, जिसे चोरी कर लिया गया है। पीड़ित ने एक युवक पर चोरी का शक जताया है और पुलिस को उसका नाम भी दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# आईईसी टीम ने में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**

चन्दौसी। इस समय स्वच्छता कार्यक्रमो को लेकर शासन ने नगर पालिकाओं पर पेनि नजर गड़ा रखी है जिसे लेकर नगर पालिका परिषद चन्दौसी भी हरकत में आती दिख रही है।



आपको बता दे कि वार्ड नंबर 10 से स्वच्छ्ता सम्बन्धित जागरूकता अभियान सोमवार से शुरू किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान एनजीओ की बीस सदस्यीय टीम सड़को कॉलोनियों और बाजारो में उतर चुकी है जो जगह जगह जाकर लोगो गीला कचरा व सूखा कचरा अलग कर कूड़ा गाड़ी को देने की बात आमजन तक पहुचा रही है। बता दे कि इसके लियें संस्था एक सर्वे फार्म भरवाकर जागरूकता फैलाने आया काम कर रही है। बताया गया है भविष्य में इनसब क्रिया कलापो और फीडबैक से नगर की सफाई व्यवस्था बहतर होगी। जागरूकता कार्यक्रम में अध्यक्ष नोमान जमाल, हरपाल सिंह, बबलू मसूदी, प्रियंका रानी,रिजवान,रमा भारती,संजी देवी,अजय सक्सेना आईटीसी के करन कुमार इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा।बीती रात ग्राम चंचलपुर में उस समय सनसनी मच गई जब यहां मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात लहूलुहान अवस्था में मिला.सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को सी एचसी भेजा गया जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया,पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन पहचान नहीं होने पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

संभवतः व्यक्ति को किसी वाहन ने टक्कर मारकर घायल किया है जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है ।

# छठ पूजा: यमुना तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

— हजारों श्रद्धालुओं ने की विशेष पूजा-अर्चना, प्रशासन ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

— यूपी–हरियाणा बॉर्डर पर यमुना में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने मनाया पर्व



**समाज जागरण**

कैराना। छठ पूजा पर्व सोमवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यमुना नदी पर हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। महिलाओं ने व्रत रखकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं, यमुना के पवित्र जल में डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति और आरोग्य की कामना की। पुलिस प्रशासन की ओर से घाट पर सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता बंदोबस्त रहे।

सोमवार को यूपी–हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना नदी के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हुई। विशेष रूप से हरियाणा की ओर यमुना नदी पर श्रद्धालु हजारों संख्या में पहुंचे, जो कैराना के प्रशासनिक सीमा के अंतर्गत ही आता है। महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों में सज-धजकर सिर पर बांस की टोकरी में फल, गन्ना, नारियल और अन्य पूजन सामग्री लेकर पहुंची थी। निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने पानी में खड़ी होकर शाम को अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने सूर्य मंत्रों का जाप भी किया। इस दौरान छठ मैया के भजन और गीत भी गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। छठ पूजा के भव्य आयोजन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने पहले से ही व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। यमुना नदी में बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से स्नान और पूजा कर सके और हादसों की संभावना न रहें। इसके अलावा नदी के किनारे लाइटें लगवाकर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई थी। एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान ने घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में पुलिसकर्मी और प्राइवेट गोताखोर अलर्ट मोड पर रहे। गोताखोर यमुना नदी में गश्त करते रहे तथा पुलिस की ओर से श्रद्धालुओं से बैरिकेडिंग के अंदर ही रहने और गहरे पानी में न जाने की अपील की गई।

# कांधला में 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों सहित मोहल्ले के दर्जनभर लोग देर रात थाने पहुंचे और गुमशुदगी की तहरीर देकर किशोरी को जल्द बरामद करने की मांग की। पीड़ित परिजनों ने आशंका जताई है कि गैर समुदाय का एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों का कहना है कि युवक लंबे समय से किशोरी को परेशान कर रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। और पुलिस टीम किशोरी की तलाश में जुट गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

# खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने पर विवाद, पुलिस को दी सूचना

**समाज जागरण**


कांधला। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने को लेकर दो किसानों के बीच विवाद हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव भभीसा निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि उसका खेत गांव के ही यशपाल पुत्र जगदीश के खेत से सटा हुआ है। राजीव कुमार का आरोप है कि यशपाल अपने खेत की करीब 5 फुट गहराई तक मिट्टी निकालकर बेच रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो यशपाल ने कहा कि वह मछली पालन के लिए तालाब बना रहा है। राजीव के पूछने पर कि क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई है, तो यशपाल ने कथित रूप से गाली-गलौज कर दी।घटना की सूचना राजीव कुमार ने 112 नंबर पर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक यशपाल, जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस कर्मियों ने मौके की तस्वीरें लीं, वहीं राजीव कुमार ने भी घटना स्थल की फोटो खींचकर साक्ष्य के रूप में संलग्न की हैं। राजीव कुमार ने बताया कि मिट्टी की खुदाई से उसका खेत भी प्रभावित हो रहा है और उसे खेती में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

## चौकी प्रभारी लालबाग एसओम शुक्ला व महिला कांस्टेबल संगीता रानी ने महिलाओं को बताया उनके अधिकार और सुरक्षा उपाय

**समाज जागरण**



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 योजना के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को लेकर निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में चौकी प्रभारी लालबाग एसआई ओम शुक्ला एवं महिला कांस्टेबल संगीता रानी ने काली माता मंदिर परिसर के आसपास आने-जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर चलाई जा रही योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मिशन शक्ति 5.0 का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक बनाना और उन्हें हर परिस्थिति में सुरक्षित महसूस कराना है।

महिला कांस्टेबल संगीता रानी ने उपस्थित महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 112, और 181 महिला हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन नंबरों के माध्यम से किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या उत्पीड़न की शिकायत तुरंत दर्ज कराई जा सकती है।

अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा से जुड़ी बुनियादी जानकारी भी दी गई और उन्हें जागरूक किया गया कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में पुलिस से तत्काल संपर्क करें।

चौकी प्रभारी ओम शुक्ला ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस प्रशासन निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ताकि समाज में महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़े।

# डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर नसरुल्लापुर का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**



सम्भल/बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बहजोई के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर नसरुल्लापुर का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित पंजिका को चेक किया। रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए बच्चों के अभिभावकों एवं अन्य ग्रामीणों से अधिक से अधिक सुझाव फीडबैक प्राप्त किये जाएं ताकि शासन की नीति निर्माण कार्य में स्थानीय भागीदारी हो सके।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह एवं अध्यापक तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद का फैसला करने पहुंचे युवक पर हमला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। रविवार को दो पक्षो मे हो रहे जमीनी विवाद मे विच विचाला करने पहुचे युवक पर एक पक्ष के लोगो ने हमला बोल दिया जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि दूसरे पक्ष की दो महिलाओ सहित तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया।पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शरू कर दी है।

गाँव शहवाजपुर निवासी सागर सिंह व दिनेश सिंह मे पिछले काफी समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है। रविवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब दोनों पक्षो मे जमीन को लेकर विवाद हो गया। जिसमे दोनों पक्षो मे मारपीट होने लगी दोनों पक्षो मे मारपीट होते देख पड़ोसी योगेश पुत्र रामस्वरुप दोनों पक्षो के पास पंहुचा ओर दोनों पक्षो मे विच विचाले का प्रयास करने लगा आरोप है की इस दौरान नितिन पुत्र दिनेश ने योगेश पर फाबले से वार कर दिया जिसमे योगेश लहू लुहान हो गया।सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे उसे जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया है।वही दिनेश पक्ष से दिनेश की पत्नी सरोज माँ गंगादई व भाई ब्रह्मपाल को भी मामूली चोटे आई है।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की रामस्वरुप की तहरीर पर दिनेश, लोकेन्द्र, भ्रमपाल पुत्र गण हिरा सिंह व नीतीश पुत्र दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# फल विक्रेता के साथ मारपीट, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**

कांधला। नई बस्ती में मामूली विभाग को लेकर कई लोगों ने मिलकर फल विक्रेता के साथ मारपीट की। जिसमें फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मोहल्ला नई बस्ती निवासी इस्लाम ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी आदिल, हारून तथा दो अज्ञात युवकों पर उसके बेटे रिहान के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पिता इस्लाम के अनुसार, उसका बेटा रिहान माता मंदिर के पास फल की ठेली लगाकर फल बेचता है। रोज की तरह रविवार को भी वह अपनी ठेली पर खड़ा था, तभी आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब रिहान ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरिए से उस पर हमला कर दिया।

हमले में रिहान के सिर पर गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर रिहान के पिता मौके पर पहुंचे और बेटे को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गंगेरु में पसमांदा मुस्लिम समाज का भव्य आयोजन

**नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां, समाज की एकता और विकास का लिया संकल्प**

**समाज जागरण**



कांधला। गांव गंगेरू में पसमांदा मुस्लिम समाज का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोनू मंसूरी ने की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए लेटर वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम प्रभारी पसमांदा मुस्लिम समाज तहसीन मंसूरी (मेरठ जिला अध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी) तथा आजाद मंसूरी ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला प्रभारी रिजवान अंसारी, महासचिव शमीम मंसूरी, महासचिव सद्दाम कुरैशी, महासचिव मुजम्मिल मंसूरी, महासचिव शाहरुख मंसूरी, महासचिव समीम कसार, जिला सचिव दिलशाद प्रधान, जिला सचिव सलीम अंसारी, जिला संगठन मंत्री आरिश मलिक, जिला सचिव डॉ. साबिर, सहयोगी सलाहकार नफीस अहमद, जिला सचिव यूसुफ अंसारी, जिला सचिव तारीफ अंसारी, और जिला सचिव मेहरबान मंसूरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित जनों ने समाज की एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# चंद्रशेखर आजाद ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन, बोले झ्र शिक्षा से ही समाज होगा सशक्त

**समाज जागरण**





काधला। क्षेत्र के गांव भभीसा में सोमवार को आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक भव्य पुस्तकालय का उद्घाटन किया। पुस्तकालय के उद्घाटन के दौरान ग्रामीणों और युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर गांव में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हुए और सांसद का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की असली ताकत है। जब समाज पढ़ा-लिखा होगा, तभी देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव में शिक्षा का माहौल बनाना आवश्यक है, ताकि हर बच्चा किताबों से जुड़ सके और अपने भविष्य को बेहतर बना सके। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से गांव के छात्र-छात्राओं और युवाओं को ज्ञान की नई दिशा मिलेगी।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारा नारा है - चलो बूथ की ओर, डोर टू डोर। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा और शिक्षा के महत्व को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आज का युवा अगर शिक्षित और जागरूक होगा, तो समाज में समानता और न्याय स्थापित करना आसान होगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष टिनू जावला, जिला अध्यक्ष नीतू, ग्राम प्रधान हरेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र जावला, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पिंकी देवी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तकालय न सिर्फ गांव के युवाओं को ज्ञान का माध्यम देगा, बल्कि यह एक सामाजिक केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा, जहां लोग विचार-विमर्श और अध्ययन कर सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि हर गांव में शिक्षा, समानता और स्वाभिमान की ज्योति जले।

गांव के लोगों ने सांसद के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकालय का निर्माण गांव के बच्चों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। कार्यक्रम के समापन पर पार्टी कार्यकताओं ने जय भीम और शिक्षा से क्रांति के नारों से वातावरण गुंजा दिया।

# विजेता उम्मीदवारें को प्रमाण पत्रों का किया गया वितरण

**समाज जागरण**




चंदौसी। वैश्य एकता समिति (रजि०) उत्तर प्रदेश के अंतर्गत नगर चंदौसी के नगराध्यक्ष पद हेतु नगर के बारहसैनी धर्मशाला में मतदान प्रकिया के तहत चयन किया गया। चुनाव में कुल 03 प्रत्याशियों गोपाल वार्ष्णेय जी, सुमित वार्ष्णेय जी एवं मयंक वार्ष्णेय जी ने दावेदारी की। मतदान 85 प्रतिशत रहा कुल 75 वोट पड़े जिसमें सुमित वार्ष्णेय को 45 वोट, मयंक वार्ष्णेय को 27 वोट एवं गोपाल वार्ष्णेय को 03 वोट प्राप्त हुए। विजेता उम्मीदवार को चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। चुनाव अधिकारी की भूमिका में समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, विपिन बालाजी, दीपेश वार्ष्णेय, एड प्रवीण गुप्ता रहे। मतदाताओं ने वोट डालने के बाद सेल्फी पॉइंट में सेल्फी खिंचवाते हुए लोकतन्त्र के महोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया। मतदान प्रकिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हुई। इस मौके पर समिति के संरक्षक गणों में मौसम गुप्ता, कपिल गुप्ता ओएलएफ, शोभित अग्रवाल लखानी, क्षितिज गुप्ता, राघव लोचन, अमित वार्ष्णेय, रोमिल वार्ष्णेय बिट्ठू, मनोज गुप्ता मेडिकल, विकास बूंन, सचिन वार्ष्णेय, भास्कर गुप्ता, रोहित गुप्ता एलआईसी, इशांक गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी स्योहारा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग हुई सम्पन्न

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर स्योहारा में बीडीओ श्री विक्रम सिंह जी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग ओर रोगी कल्याण स्वास्थ्य समिति/संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बीडीओ श्री विक्रम सिंह जी ने स्वास्थ्य इकाई का प्रमाणीकरण, टीबी स्क्रीनिंग,मातृ मृत्यु दर, जननी सुरक्षा योजना में डिलीवरी एवं भुगतान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सब सेंटर पर डिलीवरी की स्थिति, आशा भुगतान, मंत्र ऐप प्रगति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन्मजात दोष से ग्रसित बच्चों की सर्जरी, आभा आईडी रिपोर्ट, परिवार नियोजन, प्रति सप्ताह दी जाने वाली आयरन, फोलिक एसिड सप्लिमेंट, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा की। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत वेक्टर जनित रोग की समीक्षा के दौरान बीडीओ श्री विक्रम सिंह जी ने ब्लॉक स्योहारा में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये। विभागवार लक्ष्य के सापेक्ष साप्ताहिक गतिविधियां देखी गई। टीकाकरण के अन्तर्गत मीजल्स रुबेला, नियमित टीकाकरण (समस्या एवं प्रगति), हेपटाइटिस बर्थ डोज आदि की समीक्षा की गई। पंचायतीराज विभाग की ओर से की गई गतिविधि झाडियों की छटनी, जल निकासी, शहरी विकास के अन्तर्गत फोगिंग, एण्टी लार्वा का छिडकाव, कृषि, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन व स्वास्थ्य विभाग के दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बताया गया। सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के0 स्नेही ने हाईपरटेंशन, डायबिटीज, दवा, किट व अन्य उपकरणों की उपलब्धता, वैक्सीनेशन, कोल्ड चेन प्वांइट आदि का विवरण दिया। घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार,वीर सिंह, ए आर ओ आलोक कुमार, डी ओ राशि ,अनम , सीडीपीओ हेमलता सैनी, सुपरवाइजर कविता शर्मा, शैल कुमारी,खंड शिक्षा अधिकारी स्योहारा, ए डी ओ पंचायत मुकुल वशिष्ठ, नगर पालिका कर्मचारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के अध्यक्ष पद पर संजय गोयल मनोनीत



समाज जागरण

बड़ौत। बड़ौत महाराजा अग्रसेन भवन में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी (मंडल 321 उ1) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन संजय गोयल एवं उनकी कार्यकारिणी को प्रथम उपमंडल अध्यक्ष एमजेएफ लायन आदित्य गुप्ता ने शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिमन्यु गुप्ता तथा हिमांशी गोयल किया गया। इस दौरान तीन बार गायत्री मंत्र का उच्चारण, ध्वज वंदना, राष्ट्रगान एवं विश्व शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन धीरज अग्रवाल सहित सचिन जिंदल, विभोर जिंदल, पंकज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, हंसराज गुप्ता, मनोज गोयल, डॉ. हर्षित गोयल, एडवोकेट आशुतोष अग्रवाल, डॉ. रामलाल, डॉ. करणवीर सिंह, गनेन्द्र गुप्ता, डॉ. कमल अग्रवाल, अलका गुप्ता, कपिल गुप्ता, डॉ. जे.एस. शर्मा (रीजन चेयरमैन), आकाश कंसल, सुनील मित्तल, डॉ. कमलदीप जिंदल, सुनील गर्ग, राम अवतार गोयल, सचिन सिंघल, प्रदीप, प्रमोद जैन, मनोज मित्तल, यशपाल सिंह, श्रीपाल वर्मा एवं भूषण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विनय सिसोदिया ने कहा कि लायंस क्लब विश्व में 24 घंटे मानव सेवा में समर्पित है। वही ए.के. मित्तल ने कहा कि लायंस क्लब अग्रवाल मंडी सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहा है। इस दौरान द्वितीय उपमंडल अध्यक्ष लायन नवनीत अग्रवाल ने दीपक कुमार दीक्षित को क्लब की सदस्यता की शपथ दिलाई। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद संगल ने कहा कि लायंस क्लब से जुड़ना सौभाग्य की बात है, क्योंकि यह क्लब सदैव अभावग्रस्त मानवता के साथ खड़ा रहता है। क्लब द्वारा एक गरीब महिला को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन भी प्रदान की गई।कार्यक्रम में लायंस क्लब बागपत अध्यक्ष नारायण अजय शर्मा, सचिन यादव, राजपाल शर्मा, बड़ौत के सुरेंद्र गर्ग, कीमती लाल जैन, बावली रोड के प्रदीप गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष लायन संजय गोयल (बेस्टो वाले) द्वारा की गई भोजन व्यवस्था की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में लकी लायन, लकी लेडी एवं लकी चिल्ड्रन पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने किया डगरपुर में दंगल का शुभारम्भ

समाज जागरण

बागपत। जनपद बागपत के डगरपुर गांव में पूर्व ब्लाक प्रमुख लीलू पहलवान और जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल द्वारा अपने पिता चौधरी ब्रह्मपाल सिंह की याद में दो दिवसीय विशाल ईनामी दंगल व रागनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। दंगल में उत्तर भारत के नामी पहलवानों ने शिरकत की। दंगल का शुभारम्भ बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान द्वारा किया गया। दंगल आयोजन समिति ने सांसद डॉ राजकुमार सांगवान व आये अतिथियों का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार सांगवान ने दंगल आयोजित कराने के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख लीलू पहलवान और जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल की जमकर प्रशंसा की। कहा कि दोनो भाई ग्रामीण खेल संस्कृति को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। कहा कि दंगल ग्रामीण क्षेत्रों के युवा पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का अवसर प्रदान करता है। दंगल ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने, शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने और एकता को मजबूत करने का एक बेहतरीन मंच है। दंगल पारंपरिक कुश्ती का एक हिस्सा है और सदियों पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों को दर्शाता है। दंगल में विजेताओं को जो नकद पुरस्कार व अन्य सम्मान दिए जाते हैं, वह उनके कौशल और मेहनत का सम्मान करते हैं। दंगल स्थल पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश के पी मलिक, सरधना विधायक अतुल प्रधान, बागपत विधायक योगेश धामा, जिला पंचायत सदस्य संजय डीलर, सपा नेता बिल्लू प्रधान, काशी प्रधान, राजू पहलवान, नवनीत बंसल, सिंटू पहलवान, पुष्पेन्द्र खेकड़ा, विपिन माहेश्वरी, महेश बैसोया, करतार पहलवान, राजू पहलवान सहित हजारों दंगल प्रेमी उपस्थित थे।



बागपत के डगरपुर में आयोजित दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते सांसद डॉ राजकुमार सांगवान

# रिवर पार्क स्थित जैन मन्दिर में हुई ताम्र शास्त्रों की स्थापना

समाज जागरण

बागपत। नगर के रिवर पार्क स्थित जैन मन्दिर में मुनि श्री 108 शिवानंद जी व प्रशमानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में ताम्र शास्त्रों की विधिवत स्थापना की गयी। इसके साथ-साथ मंदिर जी में दो नवीन वेदियों का शिलान्यास



बागपत के रिवर पार्क में ताम्र शास्त्रों की स्थापना के समय महाराज जी के दर्शन करते श्रद्धालु

भी मुनि श्री जी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। शिखर चन्द जैन ने बताया कि जैन ताम्र शास्त्र न केवल जैन धर्म की शिक्षाओं को चिरस्थायी बनाते हैं, बल्कि उस समय के इतिहास, संस्कृति और सामाजिक संरचना को समझने के लिए भी मूल्यवान स्रोत हैं। ताम्रपत्रों पर शास्त्रों को लिखकर जैन विरासत और धार्मिक शिक्षाओं को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाता है। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नगेन्द्र जैन गोयल, शिखर चन्द जैन, राहुल जैन, प्रदीप जैन, रवि जैन, राजा जैन सहित अनेकों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# सांसद ने साधी अधिकारियों पर लापरवाही की लकीर, तो विधायक योगेश धामा ने भी सुनाई कड़ी चेतावनी – “काम नहीं तो कुर्सी नहीं”

समाज जागरण

बागपत। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा बैठक में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा योजनाओं की धीमी प्रगति पर जहां कई विभागों को कड़े निर्देश दिए गए, वहीं बैठक में उपस्थित बागपत विधायक योगेश धामा का तेवर सबसे अधिक सख्त दिखाई दिया। सांसद के वक्तव्य के तुरंत बाद बोलते हुए विधायक धामा ने कहा कि जनता हमारे लिए मालिक है, और जनता के काम में कोताही करने वाले अधिकारी अपनी कुर्सी बचाने का सपना न देखें। विधायक योगेश धामा ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, सड़क और जलापूर्ति जैसी मूलभूत समस्याओं पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि जनता को सुविधा चाहिए, सफाई चाहिए, इलाज चाहिए, स्कूल चाहिए – बहाने नहीं। योजनाएँ जमीन पर दिखनी चाहिए, फाइलों के पन्नों पर नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि बार-



कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक करते हुए जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन

बार शिकायत के बावजूद जिन विभागों में सुधार नहीं दिखा, अब वहाँ सीधी कार्यवाही होगी, और वह स्वयं प्रगति की मॉनिटरिंग करेंगे। विधायक योगेश धामा ने जलभराव, टूटी सड़कों, पाइपलाइन लीकेज, विद्यालयों की दयनीय स्थिति और अस्पतालों में स्टाफ की कमी पर अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए दो-टूक कहा –

बागपत दिल्ली के पास है, लेकिन व्यवस्था कहीं और युग में अटकी हुई दिखती है। यह अब बर्दाश्त नहीं होगा। जनता ने हमें विकास के लिए चुना है, हम चुप नहीं बैठेंगे। इसके अलावा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने निर्देश दिए कि अधिकारी फील्ड में निकलें, निरीक्षण रिपोर्ट जनता के सामने आए और हर विभाग अपनी जिम्मेदारी समयबद्ध तरीके से निभाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली समीक्षा बैठक में सुधार न दिखा तो नाम और विभाग दोनों के साथ खुली जवाबदेही तय की जाएगी।

# रंछाड़ में रालोद का सदस्यता अभियान, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

समाज जागरण

बागपत। ग्राम रंछाड़ में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरपाल राठी, राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्ज्वल, विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डा. अनिल आर्य, महिला जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान तथा विधानसभा अध्यक्ष मास्टर आनंद छिल्लर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर पवन ने की तथा संचालन मास्टर ओमवीर प्रधानाचार्य ने किया। इस अवसर पर



रालोद के सक्रियता अभियान के दौरान उमड़ा जनसैलाब

विधायक वीरपाल राठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं की सच्ची आवाज है। पार्टी हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि जनता चौ. जयंत चौधरी के नेतृत्व में नई उम्मीद देख रही है, और रालोद लगातार मजबूत हो रहा है। विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डा. अनिल आर्य ने कहा कि हर गांव में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने के लिए अभियान तेज गति से चल रहा है।

# हनुमान के वंशज का हनुमान चालीसा का जाप कराकर उपचार किया

समाज जागरण

बिनौली। बिनौली मे पिछले एक सप्ताह से जिंदगी और मौत से लड़ रहे हनुमान के वंशज बंदर की बिनौली गांव के समाजसेवी अनुज धामा ने डॉक्टरों से इलाज कराकर उनकी जान बचाई। धामा किसान सेवा केन्द्र बिनौली के संचालक अनुज धामा को बिनौली बस स्टैंड पर एक बंदर घायल अवस्था में मिला। उसके बाद उन्होंने डॉक्टरों की टीम से संपर्क किया और उन्हें मौके पर बुलाया। डॉक्टरों की टीम ने उसका उपचार किया। उसके बाद भी बंदर



बिनौली मे हनुमान के वंशज बंदर का उपचार कराते समाजसेवी अनुज धामा।

की हालत ठीक नही हुई। समाजसेवी अनुज धामा ने घायल बंदर के लिए अपने आवास पर उसकी जिंदगी के लिए हनुमान चालीसा का जाप कराया। उसके बाद बंदर की जान बची। इस अवसर पर चौकी प्रभारी नीलकांत, राहुल तिवारी, नितिन सिंह, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# देव स्थल पर कब्जे से आहत 35 परिवारों ने दी धर्म परिवर्तन की चेतावनी

समाज जागरण

बागपत। खट्टाप्रहलादपुर गांव में देव स्थल पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय के सामने धरना देते हुए चेतावनी दी कि यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो 35 परिवार धर्म परिवर्तन कर लेंगे। जनपद के खट्टाप्रहलादपुर गांव में स्थित प्राचीन भूमिया देव स्थल पर कथित कब्जे को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक परिवार ने प्रशासनिक दबाव बनाकर देव स्थल पर चारदीवारी करवा ली है, जबकि यह स्थल पूरे गांव की आस्था से



कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण

जुड़ा हुआ है।

ग्रामीण मनोज, सचिन, वीर सिंह, गौरव, रामपाल, योगेश और संजय ने संयुक्त रूप से डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि इस मामले में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने देव स्थल से कब्जा नहीं हटवाया, तो गांव के 35 परिवार सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कर लेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक स्थल का मामला नहीं, बल्कि गांव की आस्था और सम्मान से जुड़ा विषय है। धरने के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर आकर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई।

# मॉडल यूथ ग्राम सभा कार्यशाला के लिए जिले से 7 ग्राम प्रधान नामित

समाज जागरण

बागपत। पंचायती राज निदेशालय लखनऊ के दिशा-निर्देश के अनुपालन में जिले से सात ग्राम प्रधानों को मॉडल यूथ ग्राम सभा की कार्यशाला में प्रतिभाग के लिए नामित किया गया है। यह कार्यशाला 30 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिनिधि भाग लेंगे।

प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी नितिन कुमार द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार चयनित ग्राम प्रधानों में प्रीति ग्राम फैजपुर निनाना, मौ० नवाजिश खान ग्राम टांडा, संजय त्यागी ग्राम पिलाना, संजीव कुमार ग्राम बसी, दिनेश त्यागी ग्राम बड़ागांव, राजकुमार ग्राम सुन्हेडा एवं गजेन्द्र कुमार ग्राम सुभानपुर शामिल हैं। डीपीआरओ ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को ग्राम शासन में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित करना, पारदर्शी एवं जवाबदेह पंचायत व्यवस्था को बढ़ावा देना तथा गांवों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नई ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना है। पंचायत विभाग का मानना है कि युवा शक्ति को ग्राम सभा की मुख्यधारा से जोड़कर ग्रामीण विकास की गति को और तेज किया जा सकता है।

# युवकों द्वारा ऐतिहासिक धरोहर पर अभद्र भाषा का प्रयोग, विडियो वायरल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद (बि.टा.)। नगर के ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर कुछ दबंगों युवकों द्वारा अभद्र भाषा एवं गाली गलौज कर रहे हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऐतिहासिक धरोहर पर इस इस प्रकार की घटना ने लोगों को निराश किया है और वे ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

नगर के ऐतिहासिक धरोहर स्थल सुल्ताना डाकू के किले पर कुछ दबंगों युवकों का विडियो वायरल हो रहा है जिसमें युवक खुलेआम अभद्र



भाषा एवं गाली गलौज करने वाले युवकों का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर खुलेआम गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने से नगर के लोगों को निराश किया है और ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।इस सम्बंध में सीओ नितेश प्रताप सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि ऐतिहासिक धरोहर पर कुछ दबंग युवकों द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर विडियो वायरल किया गया है।जिस पर जल्द से जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी और दोषियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# जिला बिजनौर मिशन शक्ति अभियान की कसौटी पर उतर रहा खरा वही रविता राठी अव्वल।

## हर नारी तक पहुंच रही डी.एम.सी रविता राठी की आवाज महिला उत्पीड़न में भी आ रही कमी।

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकार को लेकर स-रकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 को जिला बिजनौर क्षेत्र की प्रति एक महिलाओं तक सरकार की इस योजना को पहुंचाने में महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी अपने सफल इरादों की कसोटी पर खरा उतरते दिखाई दे रही हैं। रविता राठी की कार्यशैली इस योजना को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना रही है। जिस को लेकर रविता राठी जिला मुख्यालय से लेकर लखनऊ तक के सफर में लोकप्रिय बनी हुई हैं। आपको बतादे कि प्रदेश की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जारी मिशन शक्ति अभियान 5.0 हर नारी तक पहुंचने की जिम्मेदारी जिला स्तरीय पुलिस प्रशासन को दी गई है, हालांकि सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी को बाखूबी निभाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जिला मुख्यालय पर एक महिला कल्याण विभाग में तैनात डी.एम.सी रविता राठी के मधुर व्यवहार से जिला



बिजनौर की अवाम जब वाकिफ हुई तो बड़े ही कम समय में डी एम सी रविता राठी महिलाओं के बीच चहेती अधिकारियों में से एक बन गई।बताया जाता है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 का सरकारी फरमान जारी हुआ तो महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी ने कमान संभालते हुए गंभीर हो गई और उन्होंने अपने जिला बिजनौर क्षेत्र की तरफ रुख किया ओर अपने अधिकारियों के साथ गांव के उस चौराहे तक जा पहुंची जहां महिलाओं को उनके अधिकारों का ज्ञान नहीं था।महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी की कार्यशैली से प्रभावित ग्रामीणों ने उनके इस स-राहनीय कार्य से उत्साहित रूप से उन्हें जगह जगह सम्मानित भी किया रविता राठी के इस सराहनीय प्रयास ने एक नई करवट ली और अधिनयस्तों में भी जोश भर गया नारी शक्ति महिला सम्मान की इस योजना से सरकार को तो इसका लाभ मिल ही रहा है लेकिन पुलिस के पास भी अब महिला उत्पीड़न की घटनाओं में भी कमी आती दिखाई दे रही है।मिशन शक्ति अभियान 5,0 को लेकर महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी बिजनौर से लेकर लखनऊ तक अपनी सराहनीय कार्यशैली को लेकर लोगों के बीच खूब चचाओं में है।

# विकसित यूपी के लिए अब तक 57 लाख से अधिक लोगों ने दिया फीडबैक

**– फीडबैक में शीर्ष पर रहे जौनपुर, संभल और गाजीपुर**

**– 75 जिलों में नोडल अधिकारियों ने किया जनसंवाद**

**– ग्रामीण इलाकों से आए 45 लाख से अधिक सुझाव**

**– 28 लाख युवाओं ने दिया भविष्य के विकास पर मत**

**– करीब 50 हजार ग्राम पंचायतों में हुई बैठकें और गोष्ठियां**

**– शिक्षा, कृषि और आईटी पर जनता ने दिए सर्वाधिक सुझाव**

**– मुख्यमंत्री योगी का विजन 2047 बना जनआंदोलन**

**– जनता के सुझावों से बनेगा यूपी का विजन डॉक्यूमेंट**

**– सामूहिक भागीदारी से साकार होगा 'विकसित उत्तर प्रदेश' का सपना**

लखनऊ, 27 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को 2047 तक समर्थ और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047: समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान' जनसहभागिता का एक ऐतिहासिक अभियान बन गया है। इस महाभियान के तहत सोमवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर जनता से संवाद स्थापित किया और प्रदेश के विकास यात्रा से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों, व्यापारियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघों, मीडिया और आम नागरिकों के साथ विकास के रोडमैप पर चर्चा कर सुझाव लिए गए।

प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किए गए अब तक करीब 57 लाख से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 45 लाख ग्रामीण क्षेत्रों से और 12 लाख नगरीय क्षेत्रों से सुझाव आए हैं। फीडबैक देने वालों में करीब 28 लाख युवा (31 वर्ष से कम आयु), 26 लाख मध्यम आयु वर्ग (31-60 वर्ष) और करीब 3 लाख वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक) शामिल हैं।

**इन सेक्टर के लिए मिले अमूल्य सुझाव**

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों में कृषि क्षेत्र में लगभग 14.4 लाख, पशुधन एवं डेरी में 2.3 लाख, उद्योग क्षेत्र में 2 लाख, आईटी एवं टेक सेक्टर में 1.6 लाख, पर्यटन क्षेत्र में 1.4 लाख, ग्रामीण विकास में 11.4 लाख, इन्फ्रास्ट्रक्चर में 50 हजार, संतुलित विकास में 83 हजार, समाज कल्याण में 4.4 लाख, नगरीय एवं स्वास्थ्य में 3.9 लाख, शिक्षा क्षेत्र में 13.4 लाख और सुरक्षा सम्बंधित 1 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए।

**सुझाव देने में ये हैं टॉप और बॉटम जिले**

जनपदवार सर्वाधिक फीडबैक देने वाले जिलों में जौनपुर (4.5 लाख), संभल (3.8 लाख), गाजीपुर (2.5 लाख), प्रतापगढ़ (1.8 लाख) और बिजनौर (1.7 लाख) रहे। वहीं सबसे कम फीडबैक इटावा (20 हजार), महोबा (26 हजार), हापुड़ (29 हजार), गौतमबुद्ध नगर (29 हजार) और ललितपुर (30 हजार) से मिले।

**व्यापक जनसंवाद और गोष्ठियों का हुआ आयोजन**

महाभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में नगर निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक संवाद बैठकों और गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इनमें 214 नगर पालिकाओं में बैठकें, 227 नगर पालिकाओं में सम्मेलन/गोष्ठियां, 18 नगर निगमों में बैठकें एवं सम्मेलन, 63 जिला पंचायतों में गोष्ठियां, 556 नगर पंचायतों में बैठकें और 577 में सम्मेलन, 751 क्षेत्र पंचायतों में बैठकें और गोष्ठियां तथा करीब 50 हजार ग्राम पंचायतों में भी सफल आयोजन किए गए।

इन बैठकों से स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय को नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047' के अनुरूप प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य सरकार विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर रही है। यह महाभियान जनसहभागिता और सामूहिक विकास की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत युवा सम्मेलन

समाज जागरण

बागपत। सोमवार को स्याद्वाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, बागपत मे आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में अमित वाल्मीकि प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा महेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा वेदपाल उपाध्याय व कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक शेर सिंह गुर्जर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने कहा कि गरीबी को मिटाना है। तो भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। हमें भारत के हित के लिए स्वदेशी चीजे अपनानी और विदेशी चीजों का बहिष्कार करना होगा। उन्होंने भारत सरकार और



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही युवाओं के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि अगर भारत आत्मनिर्भर भारत होगा तो यह देश विश्व गुरु बनेगा भारत देश को फिर से सोने की चिड़िया कहा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा हम सब युवाओं को देश के हित के लिए दिन-रात काम करना चाहिए। बूंद बूंद से घड़ा भरता है और व्यक्ति व्यक्ति से समाज बनता है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री शेर सिंह गुर्जर ने सभी युवाओं से आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया और सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधक शिखर चंद जैन, सचिव प्रवीण मलिक, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज, जिला महामंत्री सरिता चौधरी, अभियान संयोजक पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कंवरपाल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम सहसंयोजक सुनील मेवला, प्रदीप गुर्जर, रामपाल पवांर, रविंद्र आर्य, आत्माराम मौर्य, अमित उपाध्याय, सतवीर बड़का, अक्षय चौधरी, ममता, रवि कुमार, यश देवघर ,देवेश, कुमार प्रशांत आदि।

# धान क्रय व तौल कांटों पर किसानों को हो रही परेशानी, लग रही लंबी-लंबी लाइनें

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर के कोटद्वार मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में बनाए गए दो धान क्रय केन्द्र व दो तौल काटो पर किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानो का आरोप है कि मंडी समिति



में पहुंचे किसानो को कई दिनो तक अपनी ट्राली खड़ी करनी पड़ रही है। मात्र दो तौल कांटे धान की तौल के लिये पर्याप्त नहीं है। तौल कांटे बढ़ाए जाने चाहिए, धान क्रय केन्द्र पर तौल की इंतजार में खड़े किसान सतनाम सिंह, बूटा सिंह, कृपाल सिंह, लखविन्दर सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरुपाल सिंह आदि का कहना है कि उनकी धान से भरी ट्राली कई दिनो से खरीदकी इंतजार में खड़ी है। मात्र दो तैल कांटे पर्याप्त नहीं इनकी

संख्या बढ़ाई जाये। वहीं धान का नुकसान भी हो रहा है। आवारा घूमने वाले पशु पाल काट देते हैं और धान बिखर जाता है।

इसकी भी व्यवस्था की जाये। इस संबंध में धान क्रय केंद्र प्रभारी लाल चन्द ने बताया कि 14 अक्टूबर से धान खरीद शुरू हुई है, दीपावली से पूर्व मात्र दो या तीन ही ट्राली धान आ रहा था, दीपावली के बाद अवकाश के दिनो में किसानो ने एक साथ कई ट्राली खड़ी कर दी हैं। तेजी से धान की तैल की जा रही है, आवश्यकता के अनुसार कांटो की संख्या भी बढ़ाई जायेगी, किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी

# गोबर से बनी देशी खाद का उपयोग कर भूमि सुपोषण के साथ ऑर्गेनिक खेती अपनाएं किसान : सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह

सांसद ने फर्टिलाइजर पर मिलने वाली सब्सिडी की जगह देशी खाद के लिए किसान को प्रति एकड़ दस हजार देकर जैविक खेती को प्रोत्साहन की हिमायत की



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी, । किसान गोबर से बनी देशी खाद का उपयोग कर भूमि सुपोषण के साथ ऑर्गेनिक खेती अपनाएं और अपनी आय को बढ़ाने के साथ साथ धरती माता के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें । यह विचार भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने अपने निज निवास स्थान पर क्षेत्र से आए लोगों की जनसुनवाई करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि अधिक पैदावार की होड़ में हमने अंधाधुंध कीटनाशकों एवं केमिकल फटि 'लाइजर्स का दुरुपयोग कर धरती और भूजल को जहरीला बना दिया है जिसके कारण भयंकर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि हम प्रदेश में 87 लाख एकड़ भूमि पर खेती के लिए किसानों को यूरिया, डीएपी आदि फर्टिलाइजर्स पर लगभग 9 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी दे रहे हैं इसके बदले यदि किसान को प्रति एकड़ 10 हजार रुपए गोबर की देशी खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें तो विदेशी पेस्टीसाइड केमिकल एवं फर्टिलाइजर्स का प्रयोग बिल्कुल बंद हो सकता है और भूमि का सही सुपोषण किया जा सकता है। सांसद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के अनेक किसान हितैषी योजनाओं को लागू किया है। सांसद ने बताया कि यदि समय रहते हम नहीं संभले तो आने वाली हमारी पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने फर्टिलाइजर्स पर मिलने सब्सिडी की जगह किसान को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रति एकड़ दस हजार रुपए गोबर की देशी खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहन देने की जोरदार हिमायत की। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को इनके समाधान के निर्देश जारी किए।

# जंगल में मंगल कार्य का शुभारंभ : वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनेगा सीनियर सिटीजन क्लब का भवन

: प्रदेश व केंद्र सरकार भी सीनियर सिटीजन को दे रही है अनेक योजनाओं का लाभः सांसद धर्मवीर सिंह
: सीनियर सिटीजन भवन से वृद्ध लोगों को लाभः सांसद




**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी,। भिवानी शहर में समाजसेवा और मानवता का एक अनोखा उदाहरण पेश करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि विभाग से सेवा निवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुंदर सिंह शीलवंत ने अपने सेवानिवृत्ति उपरांत प्राप्त धनराशि से वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी संस्था की नींव रखी है। यह संस्था सीनियर सिटीजन क्लब भवन के रूप में विकसित की जा रही है, जिसका निर्माण महाराणा भामाशाह सोनी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले किया जा रहा है।

इस क्लब के भवन का शिलान्यास भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह ने डॉ. शीलवंत की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग बहुत कम हैं जो अपनी जीवनभर की कमाई को सामाजिक व धार्मिक कार्यों में समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. शीलवंत का यह प्रयास आने वाले समय में भिवानी सहित आसपास के क्षेत्रों के बुजुर्गों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। कहा कि सरकार का भी प्रयास है कि वृद्ध लोगों को कोई समस्या न हो , जिसके चलते अनेक योजनाएं सीनियर सिटीजन के लिए तैयार की गई हैं, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। डॉ. सुंदर सिंह शीलवंत ने जानकारी दी कि इस परियोजना के लिए उन्होंने भिवानी जॉनपाल के रकबा में बापोड़ा-देवसर रोड पर दो एकड़ भूमि खरीदी है। उन्होंने बताया कि यह भूमि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की धारा 7-ए के अंतर्गत आती है, इसलिए बिना सीएलयू (CLU) के कोई निर्माण संभव नहीं था। सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयासों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त हुईं, जिसके बाद यह कार्य संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी होने में लगभग सवा दो वर्ष का समय लगा।


भविष्य की रूपरेखा बताते हुए डॉ. शीलवंत ने कहा कि यह सीनियर सिटीजन क्लब भिवानी, देवसर, दिनोद और बापोड़ा क्षेत्र के बुजुर्गों के लिए एक ऐसा स्थान बनेगा, जहां वे दैनिक सैर, हल्का व्यायाम, खेलकूद और मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से अपने जीवन के संध्या काल को उत्साह और सुकून के साथ व्यतीत कर सकेंगे।

इस मौके पर सांसद धर्मबीर सिंह ने डॉ. शीलवंत द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत तीन प्रेरणादायक गीतों -हम भिवानी वाले, बलिदानी आया है और ह्यरिश्ते नकली हो लिए का भी विमोचन किया। ये गीत समाज में फैल रही बुराइयों पर प्रहार करते हुए सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी, नगर परिषद भिवानी के अध्यक्ष, प्रतिनिधि भवानी प्रताप, रामनिवास तंवर, नरसिंह तंवर, बबलू तंवर, अनिल तंवर देवसर, पार्षद सुभाष, अनिल कुमार, पूर्व सरपंच राजपाल यादव, राजकुमार, करतार सिंह नंबरदार, ओमप्रकाश, रामकुमार सहित देवसर-दिनोद-बापोड़ा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

# बाबा गोरखपुरी आश्रम में 29अक्तूबर को विशाल संत सम्मेलन

**दैनिक समाज जागरण**

कलांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली के नजदीक लगते गांव तारूआना में कालांवाली रोड स्थित डेरा संत बाबा सरवदियाल महाराज जी के पवित्र स्थान पर 29 अक्टूबर, दिन बुधवार को एक विशाल संत सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर गुरुवाणी कीर्तन से संगतो को निहाल किया जाऐगा इसके पश्चात गुरू का लंगर अटूट वरताया जाऐगा। इस संत सम्मेलन में साध संगत भारी संख्या में शामिल हो गई' आश्राम के मुख्य



संत बाबा गोरखपुरी खंडेसरी के सानिध्य में किया जा रहा हैं। आयोजकों ने बताया कि समागम का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और आपसी भाईचारे और कुरीति बुराई नशे से दूर रहने का संदेश देना है। जिससे समाज में एकता बनी रहे।

इस सम्मेलन को लेकर तारूआना के ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। व्यवस्थाओं को लेकर सेवादार लगातार जुटे हुए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डेरा प्रबंधन ने सभी क्षेत्रवासियों से इस आध्यात्मिक समागम में शामिल होकर गुरुवाणी का रसपान करने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# संथारा साधिका गुरुणी श्री स्वर्ण कांता जी महाराज की 79वीं दीक्षा जयंती पर हुआ भव्य गुणगान,नवकार महामन्त्र का जाप कर किया याद

**दैनिक समाज जागरण कालांवाली**

एस एस जैन सभा परिसर में संथारा साधिका, जन-जन की आस्था की प्रतीक, गुरुणी मैय्या श्री स्वर्ण कांता जी महाराज की 79वीं दीक्षा जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हरियाणा सिहनी ,पंजाब वीरांगना,समाज सुधारिका महासाध्वी श्री सर्वज्ञ जी महाराज साहब एवं महासाध्वी श्री नमिता जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

महासाध्वी श्री सर्वज्ञ जी महाराज साहब ने अपने उद्बोधन में बताया कि महासाध्वी श्री स्वर्ण कांता जी महाराज जी ने अपने तप और साधना से लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया। उन्होंने लोगों को बुराइयों से दूर रहकर सत्य, अहिंसा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनका योगदान अमूल्य रहा है। उन्होंने उत्तर भारत में जैन समाज को एक नई दिशा दी और अपने साधना काल में धर्म की पताका को ऊँचा उठाया। महासाध्वी श्री जी ने कहा कि आज उनकी शिष्या उत्तर भारतीय प्रवर्तनी महासाध्वी श्री सुधा जी महाराज जी उनके पदचिह्नों पर चलकर धर्म प्रचार के कार्य को आगे




बढ़ा रही हैं। उनके साथ उनकी शिष्याएं भारत के कोने-कोने में जाकर गांव-गांव, शहर-शहर धर्म संदेश का प्रसार कर रही हैं और लोगों को बुराइयों से मुक्त कर सद्मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस मौके पर नवकार महामंत्र का जाप करके उन्हें श्रद्धा पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर स्वर्ण संघ गौरव मणि, पंजाब वीरांगना कोकिल कंठी श्री किरण महाराज जी के शिष्य नरेश गर्ग जैन द्वारा प्रभावना का वितरण किया गया। प्रभावना वितरण के दौरान वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की भावना झलक रही थी।

कार्यक्रम में जैन सभा के प्रधान संदीप जैन, नवकार समिति के उपप्रधान भूषण जैन, सरक्षक पूर्ण जैन, पारस जैन, पार्षद अमन जैन, नवकार समिति के संरक्षक नरेश गर्ग जैन, समाज रत्न साई दास सेतिया, सुख राम फत्ता, मखन जैन, पवन जैन, अंग्रेज बंसल जैन, संजीव जैन, ग्लोबल कैंब्रिज स्कूल के संचालक मास्टर योगेश जैन, काका जैन ,महिला मंडल की प्रधान वाल तपस्वी सीरत जैन, निर्मला जैन, बबली जैन, मीनू जैन, बबीता जैन, मंजू जैन, अंजू जैन, तनुजा जैन, कंचन जैन, वंदना जैन और निधि जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे'

# पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा नौवें गुरु की शहादत शताब्दी पर आयोजित सेमिनार को रोकने का कदम निंदनीय - एडवोकेट धामी

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) द्वारा विश्व विद्यालय में छात्र संगठन साथ द्वारा आयोजित सेमिनार को रोकने के कदम की कड़ी निंदा करते हुए एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इसकी कड़ी निंदा की है।एडवोकेट धामी ने एक बयान में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी को समर्पित सेमिनार की अनुमति न देना सिख विरोधी कृत्य है और विचारों की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। यह बेहद दुखद और चिंताजनक है कि पंजाब की धरती पर बने पंजाब विश्वविद्यालय में सिख विद्वानों और विचारकों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। एडवोकेट धामी ने कहा कि जब सिख समुदाय श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी मना रहा है, तब हर संगठन गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम और सेमिनार



आयोजित कर रहा है। बेहतर हो कि विश्वविद्यालय प्रशासन स्वयं इस सेमिनार के लिए आवश्यक प्रबंध करे, लेकिन इसके विपरीत सिख संगठनों को भी गुरु साहिब को नमन करने से रोका जा रहा है। एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख विद्वानों के खिलाफ आपत्तियों के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सेमिनार को रद्द करना पूरी तरह से तर्कहीन और भेदभावपूर्ण है। यह कृत्य सिखों को मानसिक पीड़ा देने वाला है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय के कुलपति और डीन स्टूडेंट वेलफेयर से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की और केंद्र सरकार और पंजाब सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी गुरु साहिबों की शिक्षाओं के प्रचार के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी संगठन द्वारा सिख पहचान या विचारों को दबाने का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी अपने स्तर पर जांच कर इस मामले में कार्रवाई करेगी।

# रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने कर्मचारियों व अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,:आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, फिरोजपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 " की शुरूआत मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ लेकर की गई। यह सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा। इस साल सतर्कता जागरूकता का थीम है- सतर्कताः हमारी साँझा जिम्मेदारी" है।इस अवसर पर आज पहले दिन मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने मंडल कार्यालय में समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सत्यनिष्ठा शपथ के पश्चात भ्रष्टाचार



विरोधी विषय पर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गयी, जिसे उपस्थित सभी दर्शकों ने सराहा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वर्कशॉप, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, स्कूल एवं कॉलेज के विधार्थियों की भागीदारी फैलाने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंडल के रेलवे स्टेशनों पर रेलयात्रियों को जागरूक करने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा है। फिरोजपुर रेल मंडल के मंडल प्रबंधक संजीव कुमार रेलकर्मियों व अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए।

# शहीद नगर कीर्तन असम से शुरू हुआ, अगला पड़ाव फतेह नगर दिल्ली से गुरुद्वारा सीस गंज साहिब तरावड़ी हरियाणा के लिए रवाना हुआ

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा धोबड़ी साहिब असम से गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह दिल्ली की संगत की मौजूदगी में शहीद नगर कीर्तन शुरू हुआ, जिसका अगला पड़ाव गुरुद्वारा सीस गंज साहिब तरावड़ी हरियाणा के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्था ने गुरुद्वारा साहिब में सजाए गए धार्मिक



हॉल में गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी बलजीत सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित शहीदी शताब्दी समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया। नगर कीर्तन के प्रस्थान के अवसर पर, गुरुद्वारा साहिब के आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। आज नगर कीर्तन हरियाणा में प्रवेश कर गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने खालसा जाहो-जलाल के साथ इसका स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना, शिरोमणि कमेटी सदस्य गुरमिंदर सिंह मथाडु, रमिंदरपाल सिंह बख्शी, सुपरवाइजर दर्शन सिंह, भूपिंदर सिंह,.मोहनदीप सिंह, मिल्खा सिंह, हरप्रीत सिंह जंडियाला, डिप्टी मैनेजर अमरजीत सिंह, जगदीप सिंह माच्छीनंगल, सिख मिशन दिल्ली प्रभारी .मनवीत सिंह, जसबीर सिंह जस्सी,. सुरिंदरपाल सिंह समाना,. सरबजीत सिंह रामदास, प्रचारक भाई प्रभ सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन फतेह नगर दिल्ली से अगले पड़ाव गुरूद्वारा शीशगंज साहिब तरावड़ी हरियाणा के लिए रवाना होने का दृश्य।

# श्री श्याम जन्मोत्सव 1 नवंबर को, तैयारियां जोरों पर - टिनू शर्मा

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, :प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री श्याम सेवा मंडल जैतो गंगसर द्वारा संचालित श्री इच्छापूर्ण श्याम मंदिर में श्री श्याम बाबा जी का जन्मोत्सव 1 नवंबर दिन शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडल प्रधान श्री संजीव कुमार टिनू शर्मा और पीआरओ श्री नरेश मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर शाम 5 बजे श्री गीता भवन जैतो से विशाल ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि जैतो मंडी के बाजारों में से निकलती हुई श्री इच्छापूर्ण श्याम मंदिर में पहुंचेंगी, इस उपरांत रात्रि 8 बजे से प्रभू इच्छा अनुसार बाबा श्याम जी का गुणगान किया जायेगा। इस अवसर पर श्री श्याम जगत की प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री आरती शर्मा बाबा श्याम जी का गुणगान करेंगी। इस अवसर पर विशाल भंडारा भी वितरण किया जाएगा। संकीर्तन के शुभ अवसर पर आतिशबाजी, बच्चों के खेल खिलौने,झुले विशेष आकर्षण होंगे। प्रोजेक्ट चैयरमेन श्री यशपाल जिन्दल



ने बताया कि रात्रि 11 बजे श्री श्याम बाबा जी के जन्मदिन की खुशी में केक काटा जायेगा। उसके बाद आरती की जायेगी और प्रशाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री विनोद शर्मा, श्री संजय काका जिन्दल, श्री प्रवीण जिन्दल, श्री पुनीत यादव, श्री विकास दीपू बांसल, श्री मनू वर्मा, श्री गगन सिंगला, श्री गगन जिन्दल,श्री गुड्डु बांसल, श्री अनिल जिन्दल, श्री शालू शर्मा, श्री ललित कुमार गोल्डा के साथ साथ श्री श्याम महिला संकीर्तन मंडल की प्रधान श्रीमती आशा शर्मा,शशी मित्तल,शशी जिंदल,पुनम जिन्दल, ममता जिन्दल,शशी बांसल,अंजू गर्ग, वैशाली जिन्दल के इलावा अन्य सदस्य भी तन मन धन से सहयोग दे रहे हैं। श्री श्याम सेवा मंडल के पदाधिकारी जानकारी देते हुए। श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर श्याम प्रेमियों के साथ आम जनता में विशेष कर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# तरनतारन उपचुनाव को बड़ा बढ़ावा: लोकसभा सदस्य बीबी हरसिमरत बादल 30 अक्टूबर को जोन 15 में रैलियों को संबोधित करेंगी - ब्रह्मपुरा

ब्रह्मपुरा के नेतृत्व में जोन 15 में चुनावी तैयारियाँ जोरों पर, कार्यकताओं में भारी उत्साह

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, - तरनतारन उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व चुनाव प्रचार को चरम पर ले जा रहा है। इसी कड़ी में शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं तरनतारन उपचुनाव के लिए बनाए गए जोन नंबर 15 के इंचार्ज रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी की वरिष्ठ नेता तथा बठिंडा से लोकसभा सदस्य बीबी हरसिमरत कौर बादल 30 अक्टूबर को पार्टी उम्मीदवार बीबी सुखविंदर कौर रंधावा के पक्ष में जोन के विभिन्न गांवों में विशाल चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। श्री ब्रह्मपुरा ने बीबी बादल के दौरे का विवरण देते हुए बताया कि वह 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे गांव बालाचक्क, दोपहर 12 बजे गांव गोहलवार, दोपहर 1 बजे गांव कोट दसौंदी मल्ल तथा दोपहर 2 बजे गांव पंडोरी



रूमाणा में पहुंचकर कार्यकताओं के विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि बीबी बादल के इस दौरे से जोन नंबर 15 के सभी अकाली वर्करों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और उपरोक्त रैलियों को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के सफल दौरे के बाद अब बीबी बादल का दौरा तरनतारन में अकाली दल के पक्ष में आंदोलन को और मजबूत करेगा और यह स्पष्ट करेगा कि लोग 'आप' सरकार की नाकामियों और झूठे वादों से तंग आकर अकाली दल में विश्वास जताने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इन रैलियों को सफल बनाने के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त वरिष्ठ नेतृत्व भी मौजूद रहेगा, जिसमें गांव बालाचक्क के लिए एसजीपीसी सदस्य श्री जोध सिंह समरा और श्री जरनैल सिंह डोगरांवाला, युवा नेता श्री गुरप्रीत सिंह वडाली, गांव गोहलवार के लिए हलका इंचार्ज जंडियाला गुरु श्री संदीप सिंह ए.आर., गांव कोट दसूंदी मल्ल के लिए श्री इकबाल सिंह खेड़ा और श्री निर्मल सिंह भीलोवाल शामिल हैं। और श्री अरविंदर सिंह रसूलपुर, जो अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं और इन कार्यक्रमों की सफलता में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

# पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में सेमिनार रोकने के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने रजिस्ट्रार से मुलाकात की

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

**समाज जागरण जैतो/अमृतसर,**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निदेर्शानुसार, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के रजिस्ट्रार से मुलाकात की और विश्वविद्यालय में छात्र संगठन साथ द्वारा आयोजित सेमिनार रोकने पर कड़ी आपत्ति जताई। प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि गुरुद्वारा के उप सचिव श्री लखबीर सिंह और गुरुद्वारा श्री अंब साहिब के प्रबंधक श्री राजिंदर सिंह टोहरा सहित अन्य शामिल थे।इस संबंध में जानकारी शिरोमणि गुरुद्वारा के उप सचिव मीडिया श्री हरभजन सिंह वक्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहा है, जो जल्द ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माननीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी।

# धान का उत्पादन जानने के लिए कराया कराया क्राप कटिंग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत महदेपुर में कृषि विभाग द्वारा एकीकृत धान्य विकास योजना अंतर्गत 25 हे. क्षेत्रफल में



धान ल्वफ-917 प्रजाति का प्रदर्शन आयोजित कराया गया था। जिसका उत्पादन प्राप्त करने के लिए आज सुरेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, उदय भान सिंह, चंद्रभान सिंह एवं उर्मिला सिंह के प्रक्षेत्र पर क्रॉप कटिंग कराया गया। जिसमें क्रमशः 49.60 कु.,49.20 कु.,51.20 कु.,51.05कु. एवं 51.60 कु. प्रति हे. उपज प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर जनपद से आए सांख्यिकीय अधिकारी गंगेश सिंह परिहार, सहायक विकास अधिकारी हरहुआ देवेंद्र कुमार पांडेय, प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य एवं संबंधित कृषक उपस्थित रहे।

# मंगल पांडे की जयंती पर सहयोग करने वालों का किया सम्मान!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा ( रजि) की एक बैठक जिलाध्यक्ष श्रीगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम शिविर पर संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेनू गौड महिला आयोग सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार ने भी भाग लिया उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा द्वारा मंगल पांडे जी की जयंती के लिए जिन ब्राह्मण बंधुओ ने धन से सहयोग किया था उनका आज सम्मान किया गया तथा उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा के नगर अध्यक्ष भानु उपाध्याय द्वारा फिरोजाबाद नगर की टीम गठित की गई जिसकी घोषणा जिलाध्यक्षश्रीगोपाल शर्मा ने की महिला आयोग की सदस्य की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश ब्राह्मण जागृति महासभा की जिला महिला अध्यक्ष के लिए रेनू उपाध्याय सिरसागंज निवासी को घोषित किया गया बैठक में अशोक हरि आर्य नगर ने कहां की नगर में अब बहुत अच्छी



ब्राह्मण महासभा गठित हुई है जो कि अच्छा कार्य कर रही है ब्राह्मणों को एक करने का कार्य कर रही है ब्राह्मणों की दुख दर्द में साथ खड़ी हुई है इसी श्रृंखला में मुख्य संरक्षक धर्मेंद्र शर्मा धर्मा ने कहा यह महासभा कोई भी विवादित कार्य नहीं करेगी ना इनका कोई इरादा है विवादित कार्य करने का यह केवल रचनात्मक कार्य करेगी और जिले के समस्त ब्राह्मणों के दुख दर्द में साथ खड़ी होगी सभा के जिला ध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा ने कहा कि मैं सभी ब्राह्मण बंधुओ से एक निवेदन करना चाहता हूं की फेसबुक पर किसी भी ब्राह्मण के लिए किसी भी प्रकार की गलत टिप्पणी न करें तथा कोई भी किसी भी ब्राह्मण सभा का कार्यक्रम हो सभी को एकता का परिचय दिखाना चाहिए कोई भी कार्यक्रम करता है हमें उसमें अवश्य जाना चाहिए और हमें एकता का परिचय देना चाहिए हमें अपने अगल बगल में पड़ोसियों में यह देखना पड़ेगा कि हमारा पड़ोसी कोई दुखी तो नहीं है चाहे वह किसी भी जाति से हो किसी भी धर्म से हमें उसके दुख में हमेशा खड़ा रहना पड़ेगा युवाजिलाध्यक्ष सौरभ लहरी ने कहा कि हमको सभी मतभेद भूल कर इकट्ठे होकर एकता का परिचय देना होगा इसके अतिरिक्त आज नगर अध्यक्ष भानु उपाध्याय ने दोनों इसी वर्ष निकल गई जयंती के दोनों अध्यक्षों का सम्मान कराया और दोनों को एकता के परिचय को साथ खड़ा किया बंधु आज की बैठक में सिरसागंज जसराना सुकाबाद टूंडला आज सभी जगह के बहुत से ब्राह्मण एकत्रित हुए बैठक में अनुज चतुर्वेदी अजय चतुर्वेदी मनीष शर्मा भानु उपाध्क्ष मनोज शर्मा दुर्गा प्रसाद संदीप शर्मा श्री गोपाल शर्मा धर्मेंद्र शर्मा धर्म अनिल शर्मा विकास लहरी राकेश राजोरिया राजेश शर्मा अमित मिश्रा पंकज दीक्षित हिमांशु शर्मा गौरव शर्मा मुन्नालाल शर्मा सुरेंद्र शर्मा नीरज शर्मा एडवोकेट तरुण उपाध्याय की सभी उपाध्याय वशिष्ठ उत्कर्ष पाठक सौरभ लहरी उपाध्याय रश्मि उपाध्याय धर्मेंद्र शर्मा आदेश उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा राजू पंडित संकल्प शर्मा विजेंद्र कुमार उपाध्याय विशाल दीक्षित जयप्रकाश शर्मा रानी शर्मा अनुपम शर्मा बी शर्मा राकेश कुमार शर्मा योगेश उपाध्याय आकाश शर्मा देवेंद्र शर्मा आदि अनेक अनेक ब्राह्मण एकत्रित हुए अंत में जिला अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा ने सभी को समय देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और सभी का आभारप्रकट किया!

# दुकान से मोबाइल ले भागा चोर, घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद।

- पुलिस चौकी से चंद कदमो की दूरी पर चोरी ,व उचक्कागिरी की पंद्रह दिनों में दूसरी घटना ।
- दो जनपदों का बार्डर होने का अपराधी उठाते है लाभ।

**समाज जागरण अतुल सोनी**
**चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर 15 दिन के अंदर उचक्कागिरी व चोरी की दूसरी वारदात होने से स्थानीय बाजार वासियों में भय व्याप्त है। जानकारी के अनुसार दानगंज चौकी के ठीक सामने रविवार दोपहर को मोबाइल दुकान से मोबाइल चोरी की घटना का मामला प्रकाश में आया है । मोबाइल चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई , चोरी का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है । बीते 15 दिनों पूर्व में पुलिस चौकी से मात्र 100 गज की दूरी पर साइकिल स्टोर से पांच हजार रुपये की उचक्का गिरी हुई थी । वही दूसरी घटना रविवार को दानगंज पुलिस चौकी के ठीक सामने मोबाइल दुकान से मोबाइल चोरी होने की घटना प्रकाश में आया है । पुलिस का भय खत्म बेखौफ चोर उचक्के दे रहे दिन दहाड़े घटना को अंजाम । क्षेत्र में बढ़ते अपराध से स्थानीय बाजार वासियों में भय का माहौल व्याप्त है। सोशल मीडिया पर मोबाइल चोरी की घटना वायरल होने। पीड़ित द्वारा स्थानी पुलिस को सूचना दिया गया । वही स्थानीय पुलिस खोजबीन में जुटी रही । खबर लिखे जाने तक मोबाइल चोरी की घटना का तहरीर पीड़ित द्वारा पुलिस को नहीं दिया गया था ।

# अनौरा घाट पर महिलाओं ने किया पूजा, महाभण्डारे में हजारें लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

*भजन गायन से रात भर चला जागरण कार्यक्रम।
*5हजार भक्तों ने महाभण्डारे में किया प्रसाद ग्रहण।



**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भक्त की भक्ति के आगे भगवान को भी परीक्षा देने के लिए अवतरित होना पड़ता है। आज हरहुआ में भक्तों ने महाभण्डारे में प्रसाद ग्रहण कर भजन संध्या के द्वारा भगवान भाष्कर का दर्शन किया।

हरहुआ ब्लाक के अनौरा ग्राम पंचायत में वरूणा तट पर बने नव निर्मित विशाल घाट पर गाँव के आस पास की सैकड़ों महिलाओं ने वरूणा के जल में खड़े होकर विधि विधान से भगवान भाष्कर का पूजन किया।

ग्राम प्रधान दीपक चैहान ने घाट व सड़क से गाँव तक इस तरह सजाया था कि मानों स्वर्ग से तारे जमीं पर उतर आए हों। जगमग जगमग रोशनी के साथ विशाल पांडाल को इस तरह सजाया गया था कि चलकर आने वाला विश्राम कर सके और आनन्द ले सके।

महाभण्डारे में भाग लेकर प्रसाद के साथ -साथ भक्तजनों की सेवा करने वालों में प्रमुख रूप से प्रबन्धक साई सिटी गोपाल सिंह, राहुल सिंह ,वरिष्ठ पत्रकार के0 एल0 पथिक ,ग्राम प्रधान संघ जिला महामंत्री मधुवन यादव, गंगा समग्र संस्थान के पदाधिकारी भगत यादव, राजनारायण पटेल, बंशराज यादव, सुनील चौहान ,बांकेलाल कन्नौजिया, आशीष राजभर,आनन्द ,शेखर व श्यामनारायण चौहान ने भक्तों की सराहनीय सेवा किया।

ग्राम प्रधान अनौरा दीपक चौहान ने सभी भक्तजनों व अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

भक्तजनों में भक्ति का भाव भरने के लिए पूरे रात भजन गायक कौशलेंद्र'दीवाना' ने भक्ति गीत के माध्यम से गुदगुदाया और भगवान भाष्कर का जयघोष किया।

हरहुआ क्षेत्र के औरा व गुरवट ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर पर भी भारी भीड़ के साथ डाला छठ पर अस्ताचल सूर्य का पूजन दर्शन किया। सभी जगह सजावट के साथ -साथ प्रकाश,पेयजल,विश्राम स्थल की सुविधाएं प्रदान की। औरा में प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार व गुरवट में पूर्व प्रधान अशोक कुमार सिंह ने विशेष व्यवस्था प्रदान की थी।

# आर के इंटर कॉलेज कोटला के छात्र छात्राओं ने किया विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! विद्यालय स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी का मा. मनीष असीजा विधायक सदर ने किया फीता काटकर किया शुभारंभ कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

आज विकसित भारत एवं आत्म निर्भर भारत के "STEAM" पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी आर के इंटर कॉलेज कोटला में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि. मनीष असीजा विधायक सदर ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि . मनीष असीजा विधायक सदर ने प्रदर्शनी में पहुंचकर किया छात्रों का उत्साहवर्धनकर विद्यालय परिसर में प्रदर्शित विभिन्न विज्ञान प्रोजेक्ट अवलोकन किया । इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडल्स, प्रयोगों एवं विज्ञान के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नई खोजों के प्रति उत्साही बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में सृजनशीलता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा फिरोजाबाद , प्रमुख उघोगपति प्रदीप गुप्ता अध्यक्ष आर के इंटर कॉलेज कोटला , कॉलेज प्रबंधक राकेश अग्रवाल आदि विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में आर . के . इंटर कॉलेज कोटला के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में जहां विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखने को मिला, वहीं पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य, तकनीकी नवाचार तथा जैव विविधता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छात्र - छात्राओं ने विज्ञान की वास्तविक उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से बहुत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। कॉलेज प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों व आगुन्तको का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस दौरान शैलेन्द्र प्रताप सिंह , प्रदर्शनी संयोजक दिलीप कुमार वर्मा, श्याम गुप्ता , गौरव बघेल , हेमन्त उपाध्याय , निर्णायक मंडल में संतोष कुमार , महेंद्र सिंह, अवधेश तिवारी , राजकुमार सिंह , द्वारकाधीश तिवारी , अजय मिश्रा , विनोद यादव , ऋषि सिंह , नीलम यादव , मनोज शर्मा, महेन्द्र कुमार , महादेव , कन्हैया लाल गौतम , डॉ अमित गुप्ता , शिखर गुप्ता , अंचल सिंह , राम नरेश यादव , चरन सिंह, शिक्षकगण व कर्मचारी गण व छात्र एवं छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ऑटो चालक की ईमानदारी से मिला खोया ट्रॉली बैग, मालिक ने हरहुआ पुलिस और चालक का जताया आभार

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी । बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी पर सोमवार को एक मिसाल कायम हुई जब एक ईमानदार ऑटो चालक ने यात्री का खोया हुआ ट्रॉली बैग पुलिस को सौंपा। पुलिस की तत्परता और चालक की ईमानदारी से बैग उसके वास्तविक स्वामी तक सुरक्षित पहुंचा, जिससे यात्री ने हेड कांस्टेबल वंदना यादव और चालक तैय्यब हाशमी का आभार प्रकट किया।

जानकारी के अनुसार, जौनपुर जिले के अटरिया भाऊपुर निवासी ओम सिंह पुत्र यशवंत सिंह दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। सोमवार को वे अपने घर जौनपुर जाने के लिए ट्रेन से वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे। स्टेशन से बाहर निकलकर उन्होंने रोडवेज के समीप से भोजूबीर जाने के लिए एक ऑटो में सवारी की। भोजूबीर पहुंचने पर उन्होंने दूसरा ऑटो पकड़ा और बाबतपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनका ट्रॉली बैग पहले ऑटो में ही छूट गया।

बाद में जब ऑटो चालक तैय्यब हाशमी निवासी हरहुआ डीह को अपने वाहन में छोड़ा हुआ ट्रॉली बैग दिखाई दिया, तो उन्होंने यात्री को आसपास खोजने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए वे सीधे हरहुआ पुलिस चौकी पहुंचे और बैग हेड कांस्टेबल वंदना यादव को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने जब बैग की जांच की तो उसमें मालिक का मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर ओम सिंह ने बताया कि उन्हें बाबतपुर पहुंचने पर अपने बैग के छूटने का पता चला। पुलिस की सूचना पर वे तुरंत हरहुआ चौकी पहुंचे, जहां उन्हें उनका ट्रॉली बैग सुरक्षित रूप से लौटा दिया गया।

बैग मिलने पर ओम सिंह ने हेड कांस्टेबल वंदना यादव और ऑटो चालक तैय्यब हाशमी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा, आज भी ईमानदार लोग समाज में हैं, जिनकी वजह से भरोसा कायम रहता है।

पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक राय ने ऑटो चालक की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और इससे पुलिस की छवि भी मजबूत होती है।

# जब जब धरती पर अत्याचार होता है तब भगवान पापियो का नाश करने के लिए जन्म लेते हैं आचार्य

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद ! श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्री रामचंद्र पालीवाल हाल ऑडिटोरियम में चल रही भागवत कथा व्यास आचार्य भोलेश्वर दयाल दीक्षित जी ने आज श्री कृष्ण जन्म, श्री राम जन्म एवं वामन अवतार उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें व्यास जी ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओ का अद्भुत वर्णन किया!! इसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण जन्मउत्सव बहुत धूमधाम से मनाया ! उन्होंने कहा जब-जब धरती पर पाप और असुर शक्तियां अपना आतंक मचाती हैं तब तब भगवान को जन्म लेना पड़ता है जिससे असुर शक्तियों का नाश कर भक्तों को सुरक्षा प्रदान की जा सके उन्होंने कंस पूतना बकासुर जैसे राक्षसों का बध कर धरती के वोझ को हल्का किया मुख्य यजमान श्री गिरधारी लाल मित्तल, हरिओम वर्मा पार्षद, प्रमोद राजौरिया पार्षद, राजकिशोर गर्ग,मनोज अग्रवाल केमिकल, पंडित श्री मुन्नालाल शास्त्री, मनोज कुमार अग्रवाल, अजय कुमार जैन, आशीष अग्रवाल ,सौरभ अग्रवाल,रजत मित्तल, सत्यप्रकाश वर्मा, अनिल गोयल, मोहन बाबू अग्रवाल ,आनंद तोमर, दिनेश गर्ग, सहज कुमार मित्तल ,आशीष गर्ग ,पवन मित्तल ,विवेक तौमर,आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे!

# भाजपा कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के निमित्त आयोजित हुआ!

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के निमित्त आयोजित महिला सम्मेलन क्षत्रिय धर्मशाला सिरसागंज में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री एवं हाथरस की विधायक श्रीमती अंजुला माहौर ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की शक्ति और समर्पण ही सच्चे अर्थों में देश की प्रगति का आधार हैं। सम्बोधन के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती अंजुला माहौर ने उपस्थित मातृ शक्तियों को हर घर स्वदेशी,घर घर स्वदेशी का संकल्प दिलाया। महिलाएं का जीवन हो रहा आत्मनिर्भरता से रोशन

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत यह सम्मेलन महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करेगा।भारत तभी एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनेगा जब हमारी बेटियाँ शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी। ह्यमहिलाओं के नेतृत्व में विकासह्ल और बाल कल्याण, 2047 तक विकसित भारत के विजन की आधारशिला हैं। मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर मातृशक्ति को उनका अधिकार दिया।हजारों महिलाओं को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट हुआ कि कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दृष्टि ने पूरे उत्तर प्रदेश में महिला विकास की दिशा को पूरी तरह से बदल दिया है।

उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने अपनी मेहनत और संघर्ष से समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं, और मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं ने उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ल, ढट जन धन योजना, ढट मुद्रा योजना जैसी कई पहलों ने महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के नए अवसर दिए हैं।

हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं कि हर महिला को सशक्त बनाने, उनकी समृद्धि को सुनिश्चित करने और उन्हें हर संभव समर्थन प्रदान करने के लिए लगातार काम करेंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर महिला की शक्ति को पहचानें और उसे आगे बढ़ने के अनगिनत अवसर प्रदान करें।। उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि इस महिला सम्मेलन में महिलाओं को आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्लनारी शक्ति, राष्ट्र शक्तिह्व के संकल्प और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में नारी सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है। महिला सम्मेलन को सुमन चतुर्वेदी पूर्व सदस्य महिला आयोग , रंजना पवार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा , रंजना सिंह चेयरमैन सिरसागंज , ज्योति किरण राजपूत ब्लाक प्रमुख एका , प्रिया यादव ब्लाक प्रमुख शिकोहाबाद , रश्मि सिंह , श्वेता पोरवाल जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन , ज्योति गुप्ता मण्डल अध्यक्ष सिरसागंज , शशि कला यादव , रेनु उपाध्याय , मनोरमा गुप्ता , विजय रानी जादौन , सुधा यादव , नीलम चौहान , मीनाक्षी मिश्रा , शोभा जैन ,रजोला तोमर, प्रेमलता , साधना सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति बहनों उपस्थित थी।

# 61 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश की मेजबानी में आयोजित होगी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जंबूरी, मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य के लिए गौरवपूर्ण अवसर

**युवा शक्ति का महापर्व है जंबूरी, यह युवाओं के अनुशासन, सेवा भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करेगा: मुख्यमंत्री**

**23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगा 19वां राष्ट्रीय जंबूरी, 30,000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की**

**मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा, आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और खानपान की व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए**

**300 एकड़ क्षेत्र में फैले जंबूरी स्थल पर 3,500 टेंट, 2,200 शौचालय, 1,700 बाथरूम और 100 रसोईघरों की होगी व्यवस्था**

**मुख्यमंत्री का निर्देश, सुरक्षा, सुविधा और समन्वय का मानक होगी राष्ट्रीय जंबूरी, कहा, डिजिटल इंडिया की झलक भी दिखे**

**पहली बार होगा दो दिवसीय भव्य ड्रोन शो, आरएफआईडी स्मार्ट आईडी कार्ड और व्हाट्सएप कम्युनिकेशन नेटवर्क**

**राज्यवार प्रदर्शनियों के साथ ग्लोबल विलेज, 75 वर्ष की स्काउटिंग प्रदर्शनी, एयर अग्निवीर, एक जिला-एक उत्पाद, सोलर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्मी प्रदर्शनियां भी देखने को मिलेंगी**

**आयोजन पूर्णतः ग्रीन और सस्टेनेबल हो, कचरा पृथक्करण, ई-कार्ट और ग्रीन वॉल जैसी व्यवस्था भी हो: मुख्यमंत्री**

**विकसित भारत के युवा नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रतीक बनेगी 19वां राष्ट्रीय जंबूरी : मुख्यमंत्री**

**जंबूरी में रैपलिंग, वॉल क्लाइम्बिंग, स्काई साइकिलिंग, ज़िप लाइन, आर्चरी, शूटिंग, जोर्बिंग बॉल्स, कमांडो ब्रिज, प्लैंक ब्रिज जैसी स्किल वर्कशॉप, एडवेंचर और अम्यूजमेंट एक्टिविटीज का भी होगा आयोजन**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 27 अक्तूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगामी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। यह प्रतिष्ठित आयोजन 23 से 29 नवम्बर 2025 तक लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15, वृंदावन योजना में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 61 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिलना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह अवसर युवा शक्ति के अनुशासन, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त रूप में प्रस्तुत करेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश की दक्षता, व्यवस्था, सुरक्षा और आतिथ्य क्षमता का परिचायक बने। उन्होंने निर्देश दिए कि महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आवास, खानपान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी व्यवस्थाएं पूरे समन्वय के साथ की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19वें राष्ट्रीय जंबूरी की थीम 'आत्मनिर्भर-स्वदेशी भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन एवं सस्टेनेबल भारत' हर स्तर पर प्रतिबिंबित होना चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबिली का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 28,000 से 29,000 स्काउट्स एवं गाइड्स, विदेशों से लगभग 1,000 से 2,000 प्रतिभागी तथा करीब 5,000 स्वयंसेवक एवं स्टाफ सदस्य सम्मिलित होंगे। आयोजन स्थल लगभग 300 एकड़ क्षेत्रफल में फैला होगा, जिसकी परिधि 7 किलोमीटर से अधिक होगी। योजना के अनुसार, 3,500 टेंट, 2,200 शौचालय, 1,700 बाथरूम, 100 रसोई और 4 सेंट्रल किचन की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल वाले मुख्य एरीना स्टेडियम में 30,000 दर्शकों के बैठने की सुविधा होगी, जिसमें 12 प्रवेश द्वार, 11 एलईडी स्क्रीन और 5 जर्मन हैंगरयुक्त वीवीआईपी गैलरी बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को अपनी परंपराओं, संस्कृति और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि एक्सपो ग्राउंड में प्रदर्शनी स्टॉल स्थापित किए जाएं, जिनमें राज्यवार प्रदर्शनियों के साथ ग्लोबल विलेज, 75 वर्ष की स्काउटिंग प्रदर्शनी, एयर अग्निवीर, एक जिला-एक उत्पाद, सोलर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्मी प्रदर्शनियां भी लगाई जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन युवाओं में तकनीकी, सामाजिक और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का अवसर बनेगा। इस उद्देश्य से आईटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब की स्थापना की जा रही है, जहां डिजिटल लर्निंग, लीडरशिप और इनोवेशन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया और स्मार्ट स्काउटिंग की दिशा में नया अध्याय सिद्ध होगी।

बैठक में बताया गया कि आयोजन स्थल पर 100 बेड का अस्पताल, 16 डिस्पेंसरी, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, नियंत्रण कक्ष, 11 फायर टेंडर सहित फायर स्टेशन, प्रशासनिक कार्यालय, ओवरसीज कैफेटेरिया और मीडिया सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संपूर्ण आयोजन परिसर को 24x7 सीसीटीवी निगरानी में रखा जाए, जिसमें नाइट विजन, फेस डिटेक्शन और पीटीजेड कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली हर समय सक्रिय रहे। प्रकाश व्यवस्था अच्छी हो। उन्होंने यह भी कहा कि देश-विदेश से आ रहे प्रतिभागी युवाओं का लखनऊ प्रवास सुखद हो, इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न विभागों द्वारा तैनात कार्मिकों को अच्छे व्यवहार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाए।

# समस्या लेकर आये लोगों से मिले मुख्यमंत्री, बोले- आपकी सेवा ही सरकार की प्राथमिकता

**समाज जागरण**



लखनऊ, 27 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के उपरांत सोमवार को फिर 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई जनपदों से आये हर पीड़ित से मुलाकात की, उनके पास पहुंचकर समस्या सुनी, फिर अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में उचित निस्तारण कराएं। पीड़ितों से फीडबैक भी लें। इस दौरान लगभग 50 से अधिक पीड़ितों ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। फरियादियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है।

**धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रहेगा अधूरा**

'जनता दर्शन' के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सरकारी जमीनों पर कब्जा किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने इसकी जांच कर तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। वहीं एक पीड़ित ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा। उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी पीड़ित का इलाज अधूरी नहीं रहेगा। सरकार हर जरूरतमंद के इलाज की व्यवस्था के लिए खड़ी है।

**सर! मैं कलाकार हूँ, मुझे कार्यक्रम दिलवा दीजिये**

'जनता दर्शन' में एक महिला कलाकार भी पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से बताया कि वे लोकगीत कलाकार हैं। उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम करना है। मंच दिला दीजिये। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल उन्हें कार्यक्रम दिलाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री बोले कि सरकार हर जनपद में लोककलाओं को प्राथमिकता दे रही है। हर जगह अनेक आयोजन भी कराए जाते हैं। इसमें पंजीकृत व अधिक से अधिक स्थानीय कलाकारों को मौका मिले।

**पुलिस, पारिवारिक मामले भी आए**

इस दौरान पुलिस से जुड़े मामले भी आये। कई लोगों ने पारिवारिक मामले को लेकर भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखी। पुलिस से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने इसे दिखवाने और पीड़ितों की समस्या के समाधान कराने का निर्देश दिया।

# कानपुर में छठपूजा के दूसरे दिन धूमधाम से किया खरना

- यातायात परिवर्तन के साथ पुलिस बल की भी तैनाती

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। छठ महापर्व के दूसरे दिन आज धूमधाम से खरना मनाया गया। इसके तहत खीर खाने के बाद निर्जला वृत रहकर जमीन पर सोया जाता है। इसके लिए नए चावल, नये गुड़, गन्ने के रस आदि सामग्री से मिट्टी के चूल्हा पर आम की लकड़ी से अन्य सामग्री मिलाकर खीर बनाकर सूर्य भगवान एवं षष्ठी भैया को चढ़ाने के बाद लोगों को प्रसाद रूप में वितरित किया। आज सूर्य देव की बहन छठ देवी को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की आराधना और उनका धन्यवाद किया गया। खरना पर मां गंगा-यमुना यापवित्र नदी या पोखर (तालाब) के किनारे पूजा की गई। वहीं आमार्पुर नहर, बर्रा नहर और पनकी आदि में नहरों के किनारे जहां भी छठ पूजा के घाट हैं, वहां लोगों ने पहुंच कर पूजा वेदियों को साफ कर उन्हें रंगा और फिर आकर्षक ढंग से सजा घाटों पर बिजली की झालरों से भी सजावट करवाई है। इस दौरान छठ पूजा वाले क्षेत्रों में यातायात परिवर्तन भी किया गया साथ ही पुलिस बल भी तैनात रहा। आज धूमधाम से खन्ना मनाने वाले श्रद्धालुओं को यकीन है कि षष्ठी मां यानी कि छठ माता बच्चों की रक्षा करने वाली देवी हैं। इस व्रत को करने से संतान को लंबी आयु का वरदान मिलता है और इसलिए छठ पूजा की जाती है।छठी मैया का पूजा करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख की प्राप्ति होती है। छठी मैया संतान की रक्षा करती हैं और उनके जीवन को खुशहाल रखती हैं। छठी मैया की पूजा से सैकड़ों यज्ञों के फल की प्राप्ति होती है।

## आबकारी विभाग का गजब कारनामा, पीएम आवास में ही खोल दी शराब की दुकान

**समाज जागरण**

उमरिया। शराब ठेकेदारों व आबकारी विभाग की अंधेरगर्दी के मामले सामने आए हैं। एक स्थान पर प्रधानमंत्री आवास को ही शराब दुकान बना दिया गया, वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। अब मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है।

**पीएम आवास को बना दिया शराब की दुकान-:**

उमरिया जिले के अमरपुर गांव से, जहां आबकारी विभाग की अनुशंसा और प्रशासन की अनुमति से प्रधानमंत्री आवास में ही शराब दुकान संचालन की




अनुमति दे दी गई। गांव के सरपंच तीरथ प्रसाद कोल का कहना है कि यह आवास संजू कोल नामक हितग्राही के नाम पर स्वीकृत है, जिसमें शराब की दुकान खोल कर योजना का मखौल उड़ाया जा रहा है।

**अधिकारियों ने क्या कहा?-:**

उमरिया जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह कोहरिया ने कहा कि अमरपुर स्थित पीएम आवास में शराब की दुकान संचालित होने की सूचना मिली है। पीएम आवास का कमर्शियल उपयोग नहीं किया जा सकता है। मामले की जांच कराई, जाएगी। तथ्यों की पुष्टि होने पर सख्त कार्रवाई होगी।

## श्रीनिवास के निधन पर शोक

**समाज जागरण**

शहडोल ।ग्राम पंचायत बोडरी के पं श्रीनिवास तिवारी का निधन बीते दिनों



ग्रह ग्राम में हो गया श्रीनिवास क्षेत्र के समाजसेवी थे । तिवारी 10 वर्ष ग्राम पंचायत बोडरी के सरपंच उप सरपंच थे पूरे क्षेत्र में प्रतिष्ठित थे । शोक व्यक्त करने वालों में अनिल तिवारी, भोलू राम तिवारी कृष्णकांत तिवारी उर्फ लाला संदीप तिवारी श्रीधर तिवारी श्रीपतिवारी श्रीकांत तिवारी राघवेंद्र तिवारी सिद्ध गणेश तिवारी पुरुषोत्तम तिवारी गोविंद राम तिवारी राजेंद्र तिवारी रोहिणी प्रसाद तिवारी पूरा तिवारी परिवार तिवारी पारस तिवारी आदि के नाम शामिल है

## पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में सेमिनार रोकने के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने रजिस्ट्रार से मुलाकात की

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो/अमृतसर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निदेर्शानुसार, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के रजिस्ट्रार से मुलाकात की और विश्वविद्यालय में छात्र संगठन साथ द्वारा आयोजित सेमिनार रोकने पर कड़ी आपत्ति जताई। प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि गुरुद्वारा के उप सचिव श्री लखबीर सिंह और गुरुद्वारा श्री अंब साहिब के प्रबंधक श्री राजिंदर सिंह टोहरा सहित अन्य शामिल थे।इस संबंध में जानकारी शिरोमणि गुरुद्वारा के उप सचिव मीडिया श्री हरभजन सिंह वक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहा है, जो जल्द ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माननीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी।

# प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज में पहला देहदान,

### मृत्यु के बाद भी देश के काम आयेंगे इंजीनियर रमेश चन्द्र मौर्य

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।अधिवक्ता उदय सिंह मौर्य , निवासी डेदुआ पट्टी प्रतापगढ़ के पिता इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य (75 वर्ष) का दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को निधन हुआ, इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य ने जीवित रहते अपना शरीर मौर्य सभा प्रतापगढ़ के माध्यम से मरने के बाद मेडिकल कॉलेज को



देहदान करने की घोषणा की थी, उसी क्रम में पूरा परिवार आज डॉ सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में मृतक शरीर का दान किए , डॉ रश्मि यादव वाइस प्रिंसिपल, डॉ रिचा पांडेय, नोडल अधिकारी देहदान डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ शादिक सिद्दीकी, डॉ दीपिका व डाक्टर्स की टीम ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया, बोले प्रतापगढ़ जनपद में पहली बार यह देहदान हुआ है, आपके के पांच पुत्र घनश्याम मौर्य एडवोकेट, डॉ राधेश्याम मौर्य हड्डी रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल प्रयागराज, नरसिंह मौर्य डायट प्रवक्ता वाराणसी, विजय सिंह मौर्य प्रवक्ता कटनी मध्यप्रदेश, उदय सिंह मौर्य एडवोकेट/ डीडी न्यूज संवाददाता, बहू गायत्री सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी, इटावा, कुसुम मौर्य एडवोकेट, ज्ञानती मौर्य आर्टिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट ग्वालियर मध्यप्रदेश, मनीषा मौर्य अध्यक्ष जल प्रबंध समिति डेदुआ, उदय सिंह मौर्य के पिता के निधन से मीडिया जगत स्तब्ध, पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह "मोती" सांसद प्रमोद तिवारी, सांसद अमरपाल मौर्य, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, सांसद शिवपाल सिंह पटेल, विधायक राजेन्द्र मौर्य, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा "मोना" सपा के उप मुख्य सचेतक डॉ. आरके वर्मा ने इंजीनियर साहब के निधन को बताया समाज के लिए अपूर्णीय क्षति, इंजीनियर साहब का देहदान समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर शैलेन्द्र कुशवाहा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रतापगढ़, प्रमोद कुमार मौर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतापगढ़, अरूण कुमार मौर्य प्रतिनिधि विधायक सदर, आर. के. मौर्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अपनी जनता पार्टी, मनोज त्रिपाठी संवाददाता , सुनील कुमार मौर्य अध्यक्ष एमबीसी, आलोक कुशवाहा, इंजीनियर अनुराग मौर्य, बसंत लाल मौर्य, राकेश मौर्य, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे,

## जनपद में धान की फसल का उत्पादन जानने को लेकर डीएम ने धान के खेत में करायी क्राप कटिंग

### किसान भाई खेतों में पराली न जलाएं-डीएम

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजोहरी में धान की फसल के उत्पादन व उत्पादकता को जानने को लेकर क्रॉप कटिंग करायी। इस दौरान जिला



धिकारी ने राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान छेदीलाल के खेत पर पहुँचकर स्वयं धान की कटाई भी की। रैंडम नंबर के आधार पर 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज ( जिसका क्षेत्रफल 43.3 वर्ग मीटर है) की फसल कटाई प्रयोग सफलतापूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष संपन्न की गई, इस प्रयोग में 17.380 किलोग्राम उपज प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर 40 कुंतल प्रति हेक्टेयर औसत उपज अनुमानित की गई। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी धान की फसल सरकारी क्रय केंद्र पर ही बेचें ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होने कहा कि किसान भाई पराली न जलाएं और अपने नजदीक की गौशाला पर पराली को ले जाये और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले जिससे खेतों की उर्वरक क्षमता भी बढ़े और उत्पादन में गुणात्मक सुधार हो सके। क्रॉप कटिंग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी मयंक बाजपेई, कानूनगो सुरेश चंद्र, लेखपाल सुधीर पाण्डेय एवं बीमा कंपनी से जिला प्रबंधक अभिज्ञान सिंह, योगेश वर्मा एवं गांव के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## राजकीय कृषि बीज गोदाम में किसानों हेतु प्रजाति-वार अनुदानित रबी बीज उपलब्ध

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद प्रतापगढ़ के समस्त कृषक बंधुओं को सूचित किया है कि विकास खण्डों में स्थित राजकीय कृषि बीज गोदामों पर रबी फसलों हेतु गेहूं, चना, मटर, राई एवं सरसों के पर्याप्त बीज उपलब्ध हैं। सभी पंजीकृत किसान भाईयों से अनुरोध है कि वे अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज गोदाम से गुणवत्तायुक्त अनुदानित बीज प्राप्त करें तथा समय से रबी फसलों की बुवाई सुनिश्चित करें। कृषि विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर किसानों को समय से बीज उपलब्ध हो सके, जिससे वे अपनी रबी फसलों की समय पर बुवाई कर सकें और बेहतर उत्पादन प्राप्त करें। ये बीज सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे किसानों को न केवल लागत में कमी आएगी बल्कि फसल की उत्पादकता भी बढ़ेगी। साथ ही किसानों से अनुरोध है कि वे किसी भी प्रकार की नकली अथवा अप्रमाणित बीज सामग्री से बचें तथा यदि कहीं संदिग्ध बीज या अनधिकृत विक्रय की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी कृषि कर्मचारी या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय प्रतापगढ़ को लिखित सूचना अथवा दूरभाष नम्बर 7839882339 पर दर्ज करा सकते है। उन्होने बताया है कि राजकीय गोदामों पर गेहूँ के डीबीडब्लू-187 (करण वंदना) सी/एस, डीबीडब्लू-303 (करण वैष्णवी) सी/एस, चना के आरवीजी-204 सी/एस, मटर के आईपीएफडी-12-2 (रचना), राई/सरसों के गिरिराज आधारीय, सरसों के पीएम-32 प्रमाणित फसलों के प्रमाणित बीज अनुदान पर उपलब्ध है। सभी किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों का अभी तक agridars han.up.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) नहीं हुआ है, वे सभी किसान पोर्टल पर जाकर खुद से आवेदन कर सकते हैं या किसी नजदीकी सीएससी (सहज सेवा केंद्र) पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करते समय अपना आधार कार्ड, जमीन के कागजात (खसरा खतौनी), मोबाइल नंबर आदि अपने पास रखें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए किसान भाई नजदीकी राजकीय कृषि बीज गोदाम पर संपर्क कर सकते हैं। किसानों से अनुरोध है कि वे समय से बीज प्राप्त कर रबी फसलों की बुआई शीघ्र प्रारंभ करें, जिससे समय पर बुवाई और अधिक उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

## महाविद्यालय व्यौहारी के पांच छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार शासकीय महाविद्यालय डबरा ग्वालियर में आयोजित दिनांक 28 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शतरंज महिला/ पुरुष प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय व्यौहारी के छात्र-छात्राओं का चयन किया गया जिसमें खूबेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रतिष्ठा बेस, महिमा कुशवाहा,जैसे खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मैनेजर की जवाबदारी सुधांशु सिंह शासकीय महाविद्यालय व्यौहारी एवं दुर्गेश कुमार साकेत शासकीय महाविद्यालय व्यौहारी टीम कोच के रूप में अपनी उपस्थिति देंगे। 27 अक्टूबर को महाकौशल एक्सप्रेस से डबरा ग्वालियर के लिए रवाना हुई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के तिवारी ने समस्तखिलाड़ियों को



शुभकामनाएं दी महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉक्टर विजय प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के इन होनहार खिलाड़ियों को शतरंज खेल के कौशल सीखने का कार्य महा विद्यालय के ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मोहित लाल वर्मा जी का अहम योगदान रहा उन्होंने लगातार खिलाड़ियों को सक्रिय किये रहा और लगातार अभ्यास कराते हुए आज खिलाड़ियों को राज्य स्तर प्रति योगिताओं तक भेजने का कार्य किया लगातार महाविद्यालय में खेल गतिविधियां संचालित है और करीबन लगातार कई खिलाड़ी राज्य स्तर और अंतर विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं '

## बम बम तालाब घाट पर छठ की बिखरी छटा, व्रतधारी महिलाओ ने दिया अर्घ्य -

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। शहडोल जिला मुख्यालय में मोहन राम तालाब घाट में ,नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित बम बम तालाब घाट में डाला छठ पूजा के अवसर पर खरना के दिन महिलाओं ने खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। छठ पूजा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। घाट पर शाम चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। व्रतधारियों ने नदी में स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने छठी मैया से परिवार के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंगलवार को व्रतधारी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन



करेंगी। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की छठी तिथि को छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है। पर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय कार्यक्रम से शुरू हुई थी। रविवार को खरना मनाया गया। सोमवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाएं व उनके परिवारीजनों ने मिष्ठान, फल, मेवा व पूजन सामग्रियों के साथ पवित्र जल में खड़े होकर सूर्य देव व छठी मैया की पूजा की। श्रद्धालुओं ने पूजा के दौरान अपने व अपने परिवार के लिए निरोगी काया, अखंड सुहाग, संतान प्राप्ति व सुख-समृद्धि आदि के लिए आशीर्वाद मांगा। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। बम बम घाट के अलावा गांधीनगर, अमलाई थाना रोड स्थित तालाब, संजय नगर विवेक नगर में भी व्रतधारी महिलाओं ने अरघ दिया।

## चमत्कारी कार्यों के लिए याद किये जायेंगे एस डी एम श्री सिंह

### अल्प अवधि में जन मानस में छोडी अमिट छाप

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली- -- पाली तहसील में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकेश प्रतााप सिंह का तबादला पाली तहसील से जिले के ही जिला मुख्यालय की तहसील बांधवगढ़ में बतौर एस डी एम के पद पर करते हुए उनके क्षमता वर्धन किया गया है। पाली तहसील में एस डी एम बमुश्किल सात से आठ माह ही कार्य करने का अवसर मिला, लेकिन इस अल्प समय में ही उनके कुशल कार्य शैली लोक लुभावन बन गयी थी और जन जन में त्वरित कार्यवाही की अमिट छाप छोडी है। एस डी एम का कार्य भार सम्हालने के बाद आपने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ प्राथमिकताये तय की थी उनमें से कुछ तो पूरी करने में सफल हुए तो उनकी कुछ संकल्पनाये आकार नहीं ले पायी। उनकी परिकल्पनाओं में चिनकी, सांस, बाघन्नारा, गांधी गाँव में बिजली पहुचाने के उनके सपने आकार नहीं ले सकीं।

श्री अंबिकेश प्रतााप सिंह ने एस डी एम पद पर पहली बार पाली तहसील में यह कुर्सी पर आसीन होने का सुनहरा अवसर मिला था और इसका लाभ जन जन तक पहुचाने का संकल्प ले कर क्षेत्र की जनता तक पहुचाने का बीड़ा उठाया था। विदित होवे की उन्होंने अपने इस अवधि में एक तरफ प्रशासनिक कसावट लाने का कार्य किया, वही पर उन्होंने मैदानी क्षेत्र में भी अपने काम की छबि बना ली थी। चाहे ग्रीष्म ऋतु में जल संवर्धन का कार्य रहा हो या गांधी गांव तक पेयजल की आपूर्ति का मामला हो वर्षा ऋतु



में आपदा प्रबंधन में सब्बल चलाने से भी कभी परहेज नहीं किया। चाहे जो परिस्थितियां रही हो, कितना भी जटिल मामला रहा हो सब समस्या का एक ही निदान बन कर उभरे थे ।कभी भी कोई भी किसी समय फोन पर अपनी बात रख कर समस्या के निदान की पुकार कर सकता था, यथा संभव उसके समस्या का त्वरित निदान करने का प्रयास किया जाता रहा है। धार्मिक कार्य हो या सांस्कृतिक कार्यक्रमो की अविरल गति हो सब मे उनकी तत्परता की साफ झलक दिखती थी। धार्मिक नगरी पाली जहाँ पर बहु प्रसिद्ध जगत जननी माँ बिरासनी माँ का मंदिर है जहाँ पर शारदीय एवं बांसतीय नव रात्रि पर्व वृहद स्तर पर मनाया जाता है जिसमें मंदिर प्रबंध समिति की तरह से एस डी एम की भूमिका और कार्य शैली का विशेष योगदान होता , जिसे उन्होंने बखूबी निभाया है। बिरासनी मंदिर में सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ सी सी कैमरे आदि का बंदोबस्त कराते हुए उसे चाक चौबंद बनाने का काम आपने सहजता पूर्वक निभाया है।

शराब तस्करी के मामले में तत्परता दिखाते हुए जो कार्यवाही की थी, उससे न अपराधियो में उनके नाम का खौफ था, जन मानस में यह भरोसा कायम करने में कामयाबी हासिल कर ली थी की यह बात एस डी एम तक पहुँच गयी है तब तो न्याय ही होगा , उन्हें संवैधानिक मयार्दाओं का सदैव पालन करने में विश्वास रखते थे, और सदैव अपने काम में पारदर्शिता को अपनी कार्यशैली बना कर रखी।

अनुविभागीय अधिकारी में एक नयी उमंग, नया उत्साह,और त्वरित कार्यवाही का जो ललक देखने को मिली वह अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है। एक तरह से यह पाली का दुर्भाग्य ही कहा जाये की पाली तहसील से एक योग्य ,कुशल प्रशासनिक अधिकारी जो एक लंबे समय बाद मिला था वह भी असमय स्थानांतरित हो गया। इस कुशल कार्य शैली से उन्होंने जनता का मन जीत लिया और क्षेत्र की जनता उन्हें इस कुशल कार्य शैली के लिए सदा स्मरण करेंगा। अंबिकेश प्रताप सिंह का अल्प अवधि में जाना हर एक को अखर रहा है, क्योंकि ऐसे प्रशासनिक अधिकारी बिरले ही मिलते हैं जिनमें चहुमुखी कर्तव्य निष्ठा कूट कूट कर भरी हो। उनका असमय जाना हर एक के जेहन में कसक पैदा कर रहा है।

# शिवराज सिंह चौहान से मिले राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कृषि भवन में मुलाकात की। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सुझाव पर राजस्थान के कम उत्पादकता वाले 8 जिलों को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में शामिल करने का हमने फैसला किया है। साथ ही ह्यपर ड्रॉप मोर क्रॉप के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई योजना में भी राजस्थान को 20% की जगह 40% तक राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है और प्रदेश में सिंचाई हेतु टांकों की व्यवस्था को जारी रखने का फैसला किया गया है।श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैठक में राजस्थान में खाद की आवश्यकता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण सहित पीएम जनमन योजना के राज्य में क्रियान्वयन पर भी व्यापक चर्चा हुई। इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन



की उप-योजनाओं में तारबंदी कार्यक्रम को शामिल रखने तथा दलहन उप-योजना के अंतर्गत काटेदार तारबंदी पर अनुदान स्वीकृति जैसे किसान हितैषी विषयों पर सार्थक निर्णय लिए गए।केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और पीएम धन-धान्य कृषि योजना के त्वरित क्रियान्वयन पर भी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के सहयोग से इन दोनों ही योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों को पहुंचे इसके लिए कृषि मंत्रालय पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। बैठक के बाद श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को बधाई देता हूं कि वे राजस्थान के विकास और जनता के कल्याण के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं और भारत सरकार की योजनाओं का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया है। बैठक में कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से हमारी सरकार खेती के उन्नयन और किसान कल्याण के प्रति पूर्णतः संकल्पित है।

## केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया

श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और श्री ए.एस. राजीव, सतर्कता आयुक्त द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 अभियान आयोग के अधिकारियों के अखंडता प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ। यह अभियान सतर्कता भवन, नई दिल्ली में संचालन किया गया। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक ह्यसतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया जा रहा है। आयोग, पिछले कुछ वर्षों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह से जुड़ा तीन महीने का अभियान चला रहा है। इस वर्ष यह अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक शुरू किया जा रहा है, जिसके दौरान केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/संघ पांच अलग-अलग क्षेत्रों पर कार्य कर रहे हैंः क) 30 जून, 2025 से पहले प्राप्त लंबित शिकायतों का निपटान ख) लंबित मामलों का निपटान ग) क्षमता निर्माण कार्यक्रम घ) परिसंपत्ति प्रबंधन ई) डिजिटल पहल ऐसा माना जा रहा है कि इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से सतर्कता प्रशासन पर सार्थक प्रभाव पड़ेगा। आयोग, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के हिस्से के रूप में, 31 अक्टूबर 2025 को ह्लएआई और इमर्जिंग टेक्नोल ओगीज फॉर एथिकल गवर्नेंसह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित करेगा।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयां धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.

# थाना करमा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए, आत्महत्या करने जा रहे एक युवक की बचाई जान

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। को थाना करमा पर सूचना प्राप्त हुई कि चन्द्रेश कुमार पुत्र अक्षैवर उम्र करीब 23 वर्ष निवासी थाना करमा जनपद सोनभद्र आर्थिक तंगी के कारण मानसिक तनाव से जूझ रहे थे और आज आत्महत्या करने जा रहे थे। उक्त घटना की सूचना मिलते ही थाना करमा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर तत्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित चन्द्रेश कुमार को मानसिक रूप से सहारा दिया और आत्महत्या के कृत्य को रोक कर थाना करमा पुलिस युवक की जान बचाने में सफल रही। चन्द्रेश कुमार ने पुलिस की तत्परता और काउंसलिंग के बाद आत्महत्या न करने का आश्वासन दिया। पीड़ित के पिता अक्षैवर को भी स्थिति की जानकारी दी गई और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। थाना




करमा पुलिस ने इस प्रकरण में मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए समय रहते उचित कदम उठाकर एक जानलेवा परिस्थिति को टालने में सफलता प्राप्त की।

# दोस्तों संग पार्टी के दौरान हमला, युवक का प्राइवेट पार्ट क्षतिग्रस्त

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात एक युवक का आपसी विवाद के बाद धारदार हथियार से प्राइवेट पार्ट काट दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और दोनों आरोपियों से पूछताछ कर वास्तविक तथ्य की जानकारी ले रही है। चुर्क गांव निवासी 29 वर्षीय पीड़ित युवक



ऑटो चलाता है। रविवार रात वह चुर्क गांव से पहले बने पुलिया के पास कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद उस पर हमला किया गया। हमले में युवक का प्राइवेट पार्ट गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सीओ सिटी रणधीर कुमार मिश्रा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि चुर्क निवासी पप्पू पुत्र कमला को चोटें आई थीं। अस्पताल में उनसे पूछताछ की गई। शुरूआत में नशे की हालत में होने के कारण पप्पू कुछ बता नहीं पाए। सोमवार सुबह पूछताछ में उन्होंने बताया कि राजेश और भवानी नामक दोस्तों के साथ नशा किया था और नशे में ही उनका आपस में विवाद हो गया, जिसमें उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने पप्पू की तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने राजेश और भवानी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है ताकि घटना के वास्तविक तथ्यों का पता चल सके। मौके पर स्थिति सामान्य है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत छठ पर्व के दृष्टिगत छठ घाटों का किया निरीक्षण

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा छठ महापर्व के दृष्टिगत थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, गोताखोरों की तैनाती एवं महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थानाध्यक्ष चोपन



को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके लिए पुलिस बल, पीएसी, जल पुलिस, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय एवं स्थानीय प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ने यह भी कहा कि संवेदनशील घाटों पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाए तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों की पर्याप्त तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि घाटों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो, बचाव दल व एम्बुलेंस तत्पर रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी अधिकारी सतर्क रहें। अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) अनिल कुमार ने निर्देशित किया कि छठ पर्व जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी। अंत में उन्होंने जनमानस से अपील की कि छठ पर्व के दौरान शांति, स्वच्छता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# भाजपा सरकार में दलित उत्पीड़न बढ़ा, सपा ने किया प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्य कताओं द्वारा कलेक्ट्रेट पर भाजपा सरकार में हो रहे दलित उत्पीड़न को लेकर प्रदर्शन कर राज्यपाल नामित ज्ञापन सौंपा गया, कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में केवल हत्या लुट बलात्कार और दलिल उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है सोनभद्र में पुलिश उत्पीड़न देखने को मिला विढमगंज में एक बुजुर्ग को लात से मारता पुलिस विभाग, प्रमोद यादव ने कहा कि अगर सोनभद्र में दलित उत्पीड़न नहीं रुका तो जन आंदोलन होगा, सपा नेता मनीष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी जाति धर्म के लोग पीड़ित हैं पीडीए समाज 27 में सत्ता से बाहर करने का काम करेगी महिला सभा की जिला अध्यक्ष गीता गौर ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, अल्पसंख्यक सभा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फारुक अली जिलानी ने कहा कि भाजपा




सरकार केवल हिन्दू मुस्लिम कर जनता को बरगालाने का काम करती है, लेकिन प्रदेश की जनता सब जान चुकी है कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक सभा के जिला उपाध्यक्ष जुनैद अंसारी ने किया और सरकार से मांग किया कि पीडीए विरोधी काम बंद करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश अग्रहरि, सुरेंद्र भारती, राजेश यादव, प्रभावती भारती, गुड़िया कोल, राजू बीयार, मुन्नी भारती, विनोद भारती मुन्ना कुशवाहा, सरोज पासवान, अरविन्द पटेल व अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# सोनभद्र पुलिस ने 41 अपराधियों को 6 माह के लिए किया जिला बदर

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराधियों और दंडनीय कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के अंतर्गत 41 व्यक्तियों को जिला बदर किया गया। इस कार्रवाई के दौरान अपराधियों का संबंध विभिन्न अपराधों से था, जिनमें चोरी, नकबजनी, हत्या का प्रयास, महिला अपराध, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, गोवध और अन्य भा0द0वि0 शामिल हैं। सभी मामलों में संबंधित थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी ने आवश्यक जांच एवं औपचारिक कार्यवाही करते हुए अदालत की अनुमति के पश्चात उन्हें छः माह के लिए जिला बदर किया। उद्देश्यः यह कार्रवाई जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों को अनुशासित करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु की गई। थाना-वार जिला बदर सूची- थाना घोरावल 01.विमलेश पुत्र सीताराम, निवासी खुटहा 02. अमरेश पुत्र सीताराम, निवासी खुटहा। 03.कमलेश कुमार पुत्र चिन्तामणि, निवासी कनेटी थाना चोपन 01. धनेश्वर उर्फ चिरई पुत्र जगरनाथ, निवासी मीतापुर 02. गोलू साहनी उर्फ राहुल साहनी पुत्र प्रकाश साहनी, निवासी चोपन गाँव 03.मिट्ठू उर्फ सुनील अग्रहरि पुत्र स्व0 राजू अग्रहरि, निवासी तेलगुड़वा 04.संजीव उर्फ पिंकू पासवान पुत्र मनोज कुमार पासवान, निवासी तेलगुड़वा 05. चन्की उर्फ अविनाश मालवीय पुत्र देवतानन्द मालवीय, निवासी हाईडिल कालोनी 06.अजीत पाल पुत्र गणेश पाल, निवासी चोपन गाँव इनटेक बस्ती 07.आशीष साहनी पुत्र श्यामलाल साहनी, निवासी बैरियर थाना करमा 01.रवि मौर्या पुत्र सुरेश सिंह, निवासी झकाही 02.वीरु भारती पुत्र मोतीलाल, निवासी बन्दरदेवा 03. रंजीत पुत्र खरपत्तू, निवासी भैरोपुर कुचमरवा थाना रॉबर्ट्सगंज 01. सुधीर कुमार उर्फ विधायक उर्फ सुनील पुत्र बलिराम, निवासी जैत 02.संतोष पुत्र रामवृक्ष यादव, निवासी परासी दुबे 03.अजय पुत्र रामवृक्ष यादव, निवासी परासी दुबे 04.बाबूराम भारती पुत्र बुडूक उर्फ मुन्नू भारती, निवासी बघुवारी 05. रमेश पटेल पुत्र उमाशंकर पटेल, निवासी कम्हारडीह 06. उमाशंकर पटेल पुत्र प्रेमनाथ पटेल, निवासी कम्हारडीह 07.रोहित सोनकर पुत्र स्व0 भोला सोनकर, निवासी वार्ड नं0 05 पसियान मोहाल 08.सोनू यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासी उरमौरा 09.संजय पासवान पुत्र सुमेर पासवान, निवासी करारी 10.प्रदीप पुत्र श्यामबली, निवासी छपका 11.अशोक बियार पुत्र स्व0 बन्धू, निवासी बरकरा 12.अभिषेक कुमार उर्फ मोनू सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह, निवासी मेहुड़ी। थाना बभनी 01.सुधीर पाण्डेय पुत्र अवेधश कुमार पाण्डेय, निवासी नधिरा 02. नियाज पुत्र लल्ले, निवासी बड़होर थाना कोन 01. अभिनव कुमार जायसवाल पुत्र नन्द किशोर जायसवाल, निवासी मिश्री डोमा। थाना दुद्धी 01. पवन कुमार पुत्र बब्बन केशरी, निवासी काली मुहाल 02. कुतुब आलम उर्फ बब्लू पुत्र मु0 रफी, निवासी वार्ड नं0 11 थाना म्योरपुर 01. र ा जे श यादव पुत्र स्व0 मोहब्बत यादव, निवासी गड़िया थाना शक्तिनगर 01.सुरेश सोनकर पुत्र भाईलाल, निवासी जमशीला बीना 02.सूरज सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी चिल्काटाड़ मार्केट 03. जितेन्द्र स्वीपर उर्फ छोटू स्वीपर पुत्र मनोहर स्वीपर, निवासी पीडब्लयूडी मोड़ चिल्काटाड़। थाना शाहगंज 01.बृजेश कुमार पाण्डेय पुत्र मारकण्डे पाण्डेय उर्फ प्रसन्न, निवासी उमरीकलां। थाना बीजपुर 01.रंजीत पुत्र इन्द्रदीप सिंह, निवासी धरतीड़ाड। थाना रायपुर 01 .शिव पाल यादव पुत्र जतन यादव, निवासी सोनबरसा। थाना पिपरी 01. शाहनवाज अंसारी पुत्र आजाद अहमद, निवासी जामा मस्जिद के पास तुर्रा। थाना विण्ढमगंज 01. जितेन्द्र पुत्र गंगा, निवासी जोरूखाड़ 02.विरेंद्र पासवान पुत्र स्व0 भगवानदास, निवासी धड़ृती डोलवा। थाना जुगैल 01.सुबोध पाण्डेय पुत्र नन्दलाल पाण्डेय, निवासी मदाइन। जिला बदर किए गए व्यक्तियों को यदि कोई व्यक्ति जनपद की सीमा के भीतर देखता या पाता है, तो तत्काल नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम (112) को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम/पता गोपनीय रखा जायेगा। इन व्यक्तियों का जनपद की सीमा में पाया जाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा तथा इनके विरुद्ध धारा-10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। सोनभद्र में कानून का राज सर्वोपरि है – अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जनपद पुलिस सदैव जनता की सुरक्षा व न्याय के प्रति समर्पित है।

# मिशन शक्ति अभियान - महिलाओं को जागरुक और सशक्त बना रही सोनभद्र पुलिस

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्पडेस्कों को सक्रिय किया गया है। महिला शिकायतकताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जा रहा है एवं त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। महिला बीट अधिकारियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जागरूकता गोष्ठियाँ आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 1930, 112 एवं



अन्य सुरक्षा संसाधनों की जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारीगण द्वारा मिशन शक्ति की गतिविधियों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि महिला संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में थाना स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। जनपद पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक महिला व बालिका अपने को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस कर सके।

# जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव के आयोजन में गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो प्रमुख/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव के आयोजन के दृष्टिगत गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद स्तरीय समिति के सदस्यगण को अवगत कराया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्षः 2025-26 में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक में कराया जायेगा।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि टैज्क कल्चरल (सांस्कृतिक) के विधा डिक्लेमेशन, कहानीलेखन, पेण्टिंग, लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), कविता लेखन तथा इनोवेशन ट्रैक साइंस मेला प्रदर्शनी का आयोजन 04 नवम्बर,2025 को समिति द्वारा सम्यक विचारो परान्त निर्णय लिया गया कि जनपद स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन विशिष्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम, तियरा, राबर्ट्सगंज में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक की मध्यावधि में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर आयोजित युवाउत्सव में प्रतिभागी युवाओं की आयु 12 जनवरी, 2026 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी हुयी निजी संस्थाओं से निपुण कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं। साइंस मेला प्रदर्शनी में जनपद के इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. कालेज आदि से निर्धारित आयु वर्ग में युवा वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर के विजेता कलाकारों/युवा वैज्ञानिकों को मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा। उन्होंने कहा कि जनपद के उपरोक्त विधाओं के कलाकारों/युवा वैज्ञानिकों को अवगत कराया जाता है कि उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 04 नवम्बर, 2025 को प्रातः 09:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराके प्रतिभाग कर सकते हैं।

बैठक के दौरन जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र प्रतीक साहू, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय ओबरा प्रमोद कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अनुज त्रिपाठी, रवि शंकर कुशवाहा, विकास दूबे उपस्थित रहें।

# जनपद सोनभद्र पुलिस की जनसेवा पहल - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी जनता की समस्याएं

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर तत्परता से कार्यवाही हेतु संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पुलिस के प्रति आमजन



का विश्वास और मजबूत हो।

जनता दर्शन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता की सेवा है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

# प्रदेश सरकार निराश्रित, गरीब पात्र वृद्धों को दे रही है 12,000 वार्षिक पेंशन

**ब्यूरो प्रमुख/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रदेश सरकार समाज के गरीबों, किसानों असहायों निराश्रितों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चूलाकर उनको हर तरह की सहायता कर रही है। उ०प्र० सरकार का समाज कल्याण विभाग पुरूष व महिला, बुजुर्गों व किसानों के लिए वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना चला रही है। इस योजनान्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे स्त्री-पुरुष जो असहाय, वृद्ध गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले है ऐसे सभी पुरूष व महिला पेंशन पाने के लिए पात्र है। इस आयु एवं आय सीमा के अन्तर्गत आने वाले वृद्ध किसान भी पात्र होते है। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले बुजुर्गों को प्रदेश सरकार पेंशन देकर उन्हें सम्मान व आत्मनिर्भर बना रही है।प्रदेश सरकार की वृद्धावस्था /किसान पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक में होता है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को भेजा जाता है। इस योजनान्तर्गत लाभ पाने के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करते समय लाभार्थी का फोटो, जन्म/आयु प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र (वोटर आई०डी०/आधार कार्ड/राशन कार्ड) बैंक पासबुक की फोटोकापी, निवास व आय प्रमाण पत्र लगाना पड़ता है। ऑनलाइन आवेदन करने से आवेदन पत्र सम्बंधित कार्यालय में समय से व निश्चितता के साथ पहुंचता है। इस प्रक्रिया से आवेदन पत्र प्राप्त होने की निश्चितता रहती है। पेंशन के प्राप्त प्रस्ताव को जाचोपरान्त मंजूर करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्बंधित लाभार्थी के बैंक खाते में रु० 1000 प्रतिमाह की दर से पेंशन भेजी जाती है। उसी तरह शहरी क्षेत्रों में सम्बंधित उपजिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन करते हुए समाज कल्याण विभाग को पात्रों की सूची व आवेदन पत्र भेजे जाते हैं, जहां से उन्हें प्रतिमाह रु० 1000 की दर से सालाना रू0 12,000 पेंशन दी जा रही है।

वृद्धावस्था /किसान पेंशन योजनान्तर्गत 60 वर्ष से 79 वर्ष तक की आयु के पेंशनरों को रू० 1000 प्रतिमाह की दर से दी जा रही पेंशन में रू० 800 राज्यांश एवं रू० 200 केन्द्रांश होता है। इसी प्रकार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को दी जा रही 1000 रु० की पेंशन का रू० 500 राज्यांश व रू0 500 केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि प्रदेश के सभी पात्रों को इस पेंशन योजना का लाभ मिले। यही कारण है कि वर्ष 2017-18 में जहाँ 37.47 लाख लाभार्थी थे वही वर्ष 2024-25 तक 67.50 लाख लाभार्थी हो गये हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पात्र 30.03 लाख नवीन पेंशनरों को लाभान्वित किया जा रहा है।

सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन देने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए व्यय किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में इस योजना से प्रदेश के निःसहाय, निराश्रित, सभी पात्र गरीबों का लाभान्वित किया जा रहा है। एक वर्ष में रुपए 12,000 पाकर पेंशनार्थियों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे आत्मनिर्भर हुए हैं।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों के लिए समय-सारिणी निर्धारित, कार्यवाही के लिए खोला गया पोर्टल

**ब्यूरो प्रमुख/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष-2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों के लिए शासन स्तर से निर्गत समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही हेतु पोर्टल खोला गया है।

उन्होंने बताया कि छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन/आनलाईन आवेदन 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक, छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालने की तिथि 01 नवम्बर को, हार्डकापी को छात्रों द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किये जाने की तिथि 01 नवम्बर, 2025 को, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 02 नवम्बर, 2025 तक, विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लाक करने की तिथि 03 नवम्बर से 06 नवम्बर,2025 तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने की तिथि 08 नवम्बर से 11 नवम्बर, 2025 तक, छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की तिथि 12 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित किया गया है।

# विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की मध्य-अभियान प्रगति

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने अपने से संबद्ध, अधीनस्थ और स्वायत्त कार्यालयों के साथ प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा समन्वित किए जा रहे विशेष अभियान 5.0 के चल रहे कार्यान्वयन चरण (2 अक्टूबर - 31 अक्टूबर 2025) के दौरान उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मंत्रालय ने तैयारी के चरण को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता बढ़ाने, कार्यालय स्थान खाली करने और कबाड़ व लंबित मामलों का समयबद्ध निपटान करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। अभियान के प्रभावी और सतत कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तरों पर नियमित समीक्षा की जा रही है।

**मुख्य बातें (मध्य-अभियान तक):**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में 92 स्वच्छता अभियान चलाए गए। व्यवस्थित सफाई और रिकॉर्ड



प्रबंधन पहल के माध्यम से 2975 वर्ग फुट कार्यालय स्थान मुक्त कराया गया है।

स्क्रैप और अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान से 2,71,400 रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ है।

सभी कार्यालयों में कुशल और मानकीकृत रिकॉर्ड हैंडलिंग को बढ़ावा देने के लिए, डीएआरपीजी दिशानिर्देशों के अनुरूप, 15 अक्टूबर 2025 को रिकॉर्ड प्रबंधन कार्यप्रणाली पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विशेष अभियान 5.0 की गति पूरे कार्यान्वयन चरण में बनी रहे। मंत्रालय का लक्ष्य अपने सभी कार्यालयों में स्वच्छता, दक्षता और जवाबदेही की भावना को संस्थागत बनाना है, जिससे एक अधिक संगठित और नागरिक-अनुकूल २सरकार बनाने में योगदान मिले।

